website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

R.N.I. No. RAJHIN/2012/48736

# दैनिक रॉयल पत्रिका

वर्ष : 14 | अंक : 97 | पेज: 8 | जयपुर, बुधवार, 18 मार्च 2026 | मूल्य: 1.50 रुपये



## संयुक्त सचिव शर्मा का दावा
# देश में एलपीजी की लगातार आपूर्ति जारी, कहीं कमी की सूचना नहीं

नई दिल्ली

सुजाता शर्मा ने कहा कि देश की सभी रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं और पेट्रोल पंप पर ईंधन की कोई कमी नहीं है। सीएनजी और पीएनजी उपभोक्ताओं को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति भी सामान्य रूप से जारी है

पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण पैदा हुए आपूर्ति संकट पर पेट्रोलियम मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि मौजूदा स्थिति चिंताजनक है। हालांकि घरेलू उपभोक्ताओं की जरूरतें पूरा करने के लिए एलपीजी की आपूर्ति जारी है। देश में किसी भी एलपीजी वितरक के यहां गैस समाप्त होने की सूचना नहीं है।

उन्होंने कहा कि इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) दिल्ली और आसपास के शहरों में उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर के बजाय 'पाइप से मिलने वाली रसोई गैस' (पीएनजी) कनेक्शन लेने वाले घरेलू उपभोक्ताओं को 31 मार्च से पहले उपयोग शुरू करने पर 500 रुपए तक की मुफ्त गैस दे रही है।



उप्र के मेरठ में एलपीजी वितरक के यहां लगी भीड़

### पेट्रोल की कमी नहीं

सुजाता शर्मा ने कहा कि देश की सभी रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं और पेट्रोल पंप पर ईंधन की कोई कमी नहीं है। सीएनजी और पीएनजी उपभोक्ताओं को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति भी सामान्य रूप से जारी है। उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर की बुकिंग 15 मार्च को घटकर करीब 50–55 लाख रह गई, जो ईरान युद्ध से पहले के स्तर के करीब है। इससे पहले शनिवार को यह आंकड़ा लगभग 77 लाख था और 13 मार्च को यह बढ़कर 88.8 लाख के उच्च स्तर पर पहुंच गया था। शर्मा ने कहा कि यह देखना अभी बाकी है कि सिलेंडर बुकिंग में आई यह गिरावट एक स्थायी रुझान है या फिर 15 मार्च को रविवार होने के कारण आई गिरावट है।

## 5000 रुपए में बिक रहा सिलेंडरः खरगे

राज्यसभा में देश में एलपीजी संकट के मुद्दे पर सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने संकट के लिए सरकार की अग्रिम योजना की कमी को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि एलपीजी संकट का असर देश के लगभग हर हिस्से में महसूस किया जा रहा है और घरेलू उपभोक्ता काफी परेशान हैं। उन्होंने दावा किया कि कई स्थानों पर एलपीजी सिलेंडर 5,000 रुपए से अधिक कीमत पर बेचे जा रहे हैं।

### विपक्ष अराजकता फैला रहाः नड्डा

नड्डा ने कहा कि मौजूदा संघर्ष के लिए भारत जिम्मेदार नहीं है, लेकिन इसके बावजूद विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस, संकट के समय भी राजनीति कर रहे हैं। विपक्ष लोगों को उकसा रहा हैं और देश के शांतिप्रिय नागरिकों को भड़का रहे हैं। देश के साथ खड़े होने के बजाए वे अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं, जो निंदनीय है।

### ऑनलाइन बुकिंग करने की अपील

सुजाता शर्मा ने कहा कि एलपीजी बुकिंग में ऑनलाइन माध्यमों की हिस्सेदारी बढ़कर करीब 90 प्रतिशत हो गई है, जो पहले लगभग 87 प्रतिशत थी। उन्होंने उपभोक्ताओं से एलपीजी सिलेंडर की ऑनलाइन बुकिंग और घर तक आपूर्ति की सुविधा का उपयोग करने, घबराहट में बुकिंग करने से बचने और संभव होने पर पीएनजी जैसे वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत अपनाने की अपील की।

## पश्चिम बंगाल में चुनाव पर थम नहीं रार, सीईसी और सीएम आमने-सामने
# चुनाव आयोग ने 28 फरवरी के बाद ट्रांसफर किए पुलिस अधिकारियों की अब मांगी रिपोर्ट

एजेंसी नई दिल्ली/ कोलकता

चुनाव आयोग ने उन पुलिस स्टेशन-स्तर के अधिकारियों की सूची मांगी है, जिनके अधिकार क्षेत्र में 2021 के विधानसभा चुनावों में मतदान से पहले और मतदान के दिन हिंसा की घटनाएं घटी थीं। साथ ही 2024 के लोकसभा चुनावों में मतदान से पहले, मतदान दिन और मतदान के बाद हिंसा की घटनाएं घटी थीं

चुनाव आयोग (ईसीआई) ने पश्चिम बंगाल सरकार से उन पुलिस अधिकारियों के बारे में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है, जिनके ट्रांसफर के आदेश अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन की तारीख (28 फरवरी) के बाद जारी किए गए थे। इस रिपोर्ट में उन मामलों को शामिल नहीं किया गया है जिन्हें 'तार्किक विसंगति' श्रेणी के तहत वर्गीकृत किए जाने के बाद चल रहे न्यायिक निर्णय के लिए भेजा गया था। अतिरिक्त मुख्य चुनाव अधिकारी की तरफ से चुनावों के लिए अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (कानून) और राज्य पुलिस नोडल अधिकारी को लिखे पत्र में आयोग ने उन पुलिस अधिकारियों की रिपोर्ट भी मांगी है जिन्हें सेवानिवृत्ति के बाद नियुक्त किया गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने 2021 और 2024 में चुनाव संबंधी हिंसा में संलिप्तता या निष्क्रियता के लिए दोषी ठहराए गए पुलिस अधिकारियों के बारे में कहा कि आयोग इस मामले में आवश्यक कार्रवाई करेगा। राज्य सरकार को भेजे गए एक अन्य पत्र में, चुनाव आयोग ने उन पुलिस अधिकारियों का विवरण भी मांगा है जिनके अधिकार क्षेत्र में 2021 के विधानसभा चुनावों और 2024 के लोकसभा चुनावों में चुनाव संबंधी हिंसा की घटनाएं घटी थीं। चुनाव आयोग ने दूसरे पत्र में लिखा कि आप उन पुलिस स्टेशन-स्तर के अधिकारियों की एक और सूची दें, जिनके अधिकार क्षेत्र में 2021 के विधानसभा चुनावों में मतदान से पहले और मतदान के दिन हिंसा की घटनाएं घटी थीं। साथ ही 2024 के लोकसभा चुनावों में मतदान से पहले, मतदान दिन और मतदान के बाद हिंसा की घटनाएं घटी थीं।

### सेवानिवृत्ति के बाद नियुक्त किए लोगों के बारे में मांगी जानकारी


सीईसी ज्ञानेश कुमार


सीएम ममता बेनर्जी

### अधिकारियों को हटाना महिला और बंगाल विरोधी सोच का नतीजाः सीएम ममता

तबादलों को लेकर सीएम ममता बेनर्जी ने आयोग और सत्तारूढ़ भाजपा को 'महिला विरोधी और बंगाल विरोधी' करार दिया। बेनर्जी ने कहा कि भगवा खेमा जितने चाहे उतने अधिकारियों को बदल सकता है, लेकिन वे सरकार को नहीं बदल पाएंगे। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप बदले में किन अधिकारियों को नियुक्त करते हैं; वे सभी बंगाल के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार से परामर्श किए बिना, मुख्य सचिव और बंगाली महिला नंदिनी चक्रवर्ती को हटाने के लिए आधी रात का समय चुना। इससे पता चलता है कि वे कितने महिला विरोधी हैं।

### शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव होंगेः सुवेंदु

पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने उन अधिकारियों को फिर से जिम्मेदारी दी है जिन्हें ममता बेनर्जी सरकार ने 'पार्टी लाइन पर न चलने' के कारण किनारे कर दिया था।



ईमानदार और निष्पक्ष आईएएस व आईपीएस अधिकारियों को अब कानून-व्यवस्था संभालने की जिम्मेदारी दी गई है, जिससे शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव हो सकेगा।

### चुनाव कार्यक्रम भाजपा के अनुसार? प्रियंका

प्रियंका गांधी वाड्रा ने चुनाव की तारीखों और चरणों को लेकर सवाल किया कि जिस तरह चुनाव की तारीखें तय की गई हैं और जिस तरीके से चरण बनाए गए हैं, उससे ऐसा लगता है कि यह सब भाजपा की सुविधा को ध्यान में रखकर तय किया गया है। हालांकि, कांग्रेस चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है।

### केरलः भाजपा का 47, माकपा का 81 उम्मीदवारों का ऐलान



सीएम विजयन

**तिरुवनंतपुरम।** भाजपा ने केरल विधानसभा चुनाव के लिए 47 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की है। दो पूर्व केंद्रीय मंत्रियों को भी टिकट दिया गया है। इनमें राजीव चंद्रशेखर शामिल हैं, जो नेमोम से चुनाव लड़ेंगे। दूसरा नाम वी मुरलीधरन का है, जो कझाकूट्टम से चुनाव लड़ेंगे। वहीं, केरल में सत्तारूढ़ एलडीएफ का हिस्सा माकपा ने 81 उम्मीदवारों का ऐलान किया। इसमें सीएम पिनाराई विजयन और 11 मंत्रियों के भी नाम शामिल हैं। 81 उम्मीदवारों में से 6 पार्टी समर्थित निर्दलीय हैं। सीएम विजयन कन्नूर जिले की अपनी मौजूदा सीट धर्मदम से ही मैदान में होंगे। 56 मौजूदा विधायक चुनाव लड़ रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### स्कूल में टॉवेल डांस वीडियो वायरल

**कोलकाता।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ स्कूली छात्राएं स्टेज पर बॉलीवुड के मशहूर गाने 'मेरे ख्वाबों में' पर टॉवल लपेटकर डांस करती नजर आ रही हैं।




बताया जा रहा है कि ये वीडियो कोलकाता के एक सीबीएसई प्राइवेट स्कूल के कार्यक्रम का है। कई यूजर्स इसे अनुचित ठहरा रहे हैं।

### अग्निकांड पर पीएम ने दुख व्यक्त किया

**दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ओडिशा में कटक स्थित एससीबी मेडिकल कॉलेज अग्निकांड पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। हादसे में अब तक 10 मरीजों की मौत हो गई और कई गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। पीएम ने ऐलान किया कि प्रत्येक परिवार को 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी।



### आज से शुरू होगी नई एक्सप्रेस डिलीवरी सेवा

**नई दिल्ली।** इंडिया पोस्ट जल्द ही एक नई एक्सप्रेस डिलीवरी सेवा शुरू करने जा रहा है, जिसके तहत पार्सल और कंसाइनमेंट को 24 घंटे के भीतर पहुंचाया जाएगा। संचार मंत्रालय ने बताया कि डाक विभाग 17 मार्च को '24 स्पीड पोस्ट' सेवा शुरू करेगा, जिसका उद्देश्य जरूरी और समयबद्ध पार्सल की अगले दिन गारंटी के साथ डिलीवरी करना है।




### ट्रांसजेंडर को डीटीसी और बसों में फ्री यात्रा

**नई दिल्ली।** सीएम रेखा गुप्ता के नेतृत्व में सरकार ने दिल्ली परिवहन निगम और परिवहन विभाग द्वारा संचालित सभी बस मार्गों में ट्रांसजेंडर यात्रियों को मुफ्त यात्रा योजना में शामिल करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। ट्रांसजेंडर व्यक्ति अब डीटीसी की बसों और क्लस्टर बसों में मुफ्त यात्रा कर सकेंगे।



## एपस्टीन के साथ नाम जोड़ने से खफा
# पुरी की बेटी ने मीडिया हैंडल्स पर किया 10 करोड़ का मानहानि केस

झूठे पोस्ट हटाने की मांग की

सुनवाई एक दो दिन में होगी



एजेंसी नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की बेटी हिमायनी पुरी ने अपने खिलाफ चल रही कथित झूठी और दुर्भावनापूर्ण खबरों को लेकर दिल्ली हाई कोर्ट में मानहानि का मुकदमा दायर किया है। इन खबरों में उनका नाम दोषी करार दिए जा चुके अमेरिकी यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन से जोड़कर दिखाया गया है। याचिका में हिमायनी पुरी ने अदालत से विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को उनके खिलाफ अलग-अलग हैंडल्स से पोस्ट किए गए कथित झूठे और मानहानिकारक पोस्ट तुरंत हटाने के निर्देश देने की मांग की है। साथ ही हिमायनी पुरी ने इन पोस्ट्स से उनकी छवि को पहुंचे नुकसान के लिए आरोपी सोशल मीडिया हैंडल्स से 10 करोड़ रुपए का हर्जाना भी मांगा है।

### एपस्टीन से फंडिंग मिलने की बात झूठी

मानहानि याचिका के अनुसार, 22 फरवरी 2026 से कई सोशल मीडिया अकाउंट्स और प्लेटफॉर्म्स पर ऐसे आरोप लगाए जा रहे हैं कि हिमायनी पुरी का जेफरी एपस्टीन या उसके क्राइम नेटवर्क से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष व्यावसायिक, वित्तीय या व्यक्तिगत संबंध रहा है। याचिका में यह भी कहा गया है कि जिन कंपनियों में वह काम कर चुकी हैं, उनमें से एक 'रियल पार्टनर्स एलएलसी' को एपस्टीन या उसके सहयोगियों से फंडिंग मिलने के आरोप लगाए गए। साथ ही यह दावा भी किया गया कि रॉबर्ट मिलार्ड ने हिमायनी पुरी के साथ मिलकर लेहमन ब्रदर्स के पतन की साजिश रची थी।

### आरोप निराधार और मनगढ़ंत

हालांकि हिमायनी पुरी की याचिका में इन सभी आरोपों को पूरी तरह निराधार और मनगढ़ंत बताया गया है। इसमें कहा गया है कि सोशल मीडिया पर एडिटेड वीडियो, भ्रामक कैप्शन और छेड़छाड़ किए गए थंबनेल के जरिए इन आरोपों को वायरल किया गया, जिससे उनकी छवि को गंभीर नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई। याचिका में यह भी कहा गया है कि हिमायनी पुरी को केवल इसलिए निशाना बनाया जा रहा है क्योंकि वह केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की बेटी हैं। इस मामले की सुनवाई मंगलवार या बुधवार को दिल्ली हाई कोर्ट में होने की संभावना है।

## महाराष्ट्र में धर्म परिवर्तन पर सख्ती
# महिलाओं के शोषण को रोकने के लिए ऐसा कानून आवश्यक

एजेंसी मुंबई

महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राज्य सरकार का नया धोखाधड़ी से धर्म परिवर्तन रोकने वाला बिल खास तौर पर महिलाओं के शोषण को रोकने के लिए लाया गया है।



सीएम फडणवीस

उन्होंने बताया कि कई मामलों में महिलाओं को झूठे प्यार के जाल में फंसाकर शादी की जाती है और बाद में उन्हें छोड़ दिया जाता है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए यह कानून जरूरी है। सीएम फडणवीस ने कहा कि विपक्ष इस मुद्दे को वोट बैंक की राजनीति के लिए बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहा है। अगर विपक्षी दल इस बिल को ठीक से पढ़ेंगे तो उन्हें इसमें किसी समुदाय के खिलाफ कुछ भी नजर नहीं आएगा, क्योंकि इसका उद्देश्य सिर्फ जबरदस्ती, लालच या धोखे से किए जाने वाले धर्म परिवर्तन को रोकना है। महाराष्ट्र धर्म की स्वतंत्रता विधेयक 2026 में ऐसे धर्म परिवर्तन पर 7 साल तक की जेल और 1 से 5 लाख रुपए तक की कड़ी सजा का प्रावधान रखा गया है।

## सर्वदलीय बैठक में बनी सहमति
# विपक्ष के 8 निलंबित सांसदों की होगी लोकसभा में वापसी

नई दिल्ली

अनैतिक आचरण को लेकर किए गए विपक्ष के 8 सांसदों (कांग्रेस के 7 और सीपीआई (एम) के 1 सांसद) के निलंबन को रद्द करने को लेकर सोमवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में सहमति बन गई है। मंगलवार को प्रश्नकाल के तुरंत बाद यह मुद्दा सदन में उठेगा और उसी के साथ ही इन सभी सांसदों का निलंबन रद्द कर दिया जाएगा और यह सदन की कार्रवाई में पहले की तरह भाग ले सकेंगे। सूत्रों ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष के साथ हुई बैठक में विपक्ष के तमाम नेताओं ने इस बात पर सहमति जताई है कि सदन की गरिमा और स्थापित परंपरा का सभी सदस्यों द्वारा पालन किया जाएगा। साथ ही सभी यह सुनिश्चित करेंगे की ऐसी घटनाओं की भविष्य में सदन में पुनरावृत्ति न हो। कोई भी सदस्य अध्यक्ष के आसन के सामने वेल में दूसरी ओर (सत्ता पक्ष) नहीं जाएगा। इसके अलावा कागज फाड़कर नहीं फेंके जाएंगे।


स्पीकर बिरला

## कर्नाटक में चेन्नू उत्सव की धूम



**मंगलुरु।** कर्नाटक के मंगलुरु के पास पोलाली श्री राजा राजेश्वरी मंदिर में वार्षिक उत्सव (चेन्नू) के दौरान, विशेष औपचारिक अनुष्ठानों के बाद स्थानीय लोग देवी भगवती, भद्रकाली और अरासु की पवित्र वस्तुओं को पारंपरिक नावों के माध्यम से फाल्गुनी नदी के पार ले जाते हुए। चेन्नू एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और धार्मिक परंपरा है, जो सदियों से चली आ रही है। पवित्र वस्तुओं को नदी के एक किनारे से दूसरे किनारे तक नाव से ले जाना इस परंपरा का एक प्रमुख आकर्षण है।

## दिल्ली शराब घोटाले में हाई कोर्ट से मिली राहत
# केजरीवाल और सिसोदिया को सीबीआई की याचिका पर जवाब देने के लिए मिला समय

एजेंसी नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और 21 अन्य लोगों को आबकारी नीति मामले में दोषमुक्त किए जाने के फैसले को चुनौती देने वाली केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की याचिका पर जवाब देने के लिए समय दे दिया। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने अधीनस्थ न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली सीबीआई की याचिका पर सुनवाई के लिए 6 अप्रैल की तारीख तय की।

### पूरा रिकॉर्ड उपलब्ध, समय नहीं दें: केंद्र सरकार




सीबीआई की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि अधीनस्थ न्यायालय का त्रुटिग्रस्त आदेश जरूरत के बाद एक सेकंड के लिए भी रिकॉर्ड पर नहीं रहना चाहिए और केजरीवाल व अन्य लोगों को अपना जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह से अधिक का समय नहीं दिया जाना चाहिए।

### अगले सप्ताह होगी 'डिजिटल अरेस्ट' पर सुनवाई

शीर्ष अदालत अगले सप्ताह 'डिजिटल अरेस्ट' के पीड़ितों से संबंधित एक स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई करेगी। शीर्ष अदालत ने 9 फरवरी को डिजिटल धोखाधड़ी के माध्यम से 54,000 करोड़ रुपए से अधिक की हेराफेरी को सरासर 'लूट व डकैती' बताया था ।

## देशभर से भारत की विरासत को सहेजने का काम शुरू
# ज्ञान भारतम मिशन के तहत पांडुलिपियों का होगा डिजिटलीकरण

एजेंसी नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत एक प्रमुख पहल के रूप में ज्ञान भारतम मिशन शुरू किया है। इसका उद्देश्य देश भर में शैक्षणिक संस्थानों, संग्रहालयों, पुस्तकालयों और निजी संग्रहों में उपलब्ध पांडुलिपियों का सर्वेक्षण, प्रलेखन, संरक्षण, डिजिटलीकरण और उन्हें आम लोगों के लिए सुलभ बनाना है। इस पहल को समर्थन देने के लिए स्थायी वित्त समिति (एसएफसी) ने वर्ष 2025 से 2031 की अवधि के लिए 491.66 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। मिशन का उद्देश्य भारत की पांडुलिपि विरासत को संरक्षित करने के लिए एक व्यवस्थित और तकनीक आधारित ढांचा तैयार करना है।

एक करोड़ पांडुलिपियों का लक्ष्य

**491.66 करोड़ रुपए की स्वीकृति**


केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत

### पांडुलिपियों का वैज्ञानिक संरक्षण होगा

मिशन के तहत करीब एक करोड़ पांडुलिपियों का वैज्ञानिक संरक्षण और पुनर्स्थापन किया जाएगा। साथ ही उच्च मानकों के साथ डिजिटलीकरण कर डेटा को राष्ट्रीय डिजिटल रिपॉजिटरी (एनडीआर) में सुरक्षित रखा जाएगा। डेटा सुरक्षा के लिए एलटीओ-9 टेप और क्लाउड आधारित बैकअप के साथ आपदा पुनर्प्राप्ति प्रणाली भी विकसित की गई है।

### पूर्व सीजेआई गोगोई का राज्यसभा का कार्यकाल खत्म, सिर्फ एक बहस में आए



पूर्व सीजेआई रंजन गोगोई का राज्यसभा में मनोनीत सदस्य के रूप में कार्यकाल खत्म हो गया है। सोमवार सुबह 11 बजे सदन शुरू होते ही राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें विदाई दी। उन्हें 16 मार्च 2020 को केंद्र सरकार ने राज्यसभा के लिए मनोनीत किया था। अपने पूरे 6 साल के कार्यकाल में रंजन गोगोई ने सिर्फ एक बहस में हिस्सा लिया। यह बहस अगस्त 2023 में दिल्ली सेवा विधेयक पर हुई थी।

### रेलवे को एक स्वतंत्र इकाई बनाने की मांग

आम आदमी पार्टी के सदस्य संदीप पाठक ने राज्यसभा रेलवे को एक स्वतंत्र इकाई बनाने की मांग की। कांग्रेस सदस्य रंजीत रंजन ने सरकार से हर स्कूल में छात्राओं के लिए अलग शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। भारतीय जनता पार्टी के घनश्याम तिवाड़ी ने जयपुर से सीकर होकर बीकानेर तक के लिए एक वंदे भारत ट्रेन चलाने की मांग की। मनोनीत सदस्य सुधा मूर्ति ने कर्नाटक के रायचूर में एम्स स्थापित करने की मांग उठाई।

# रॉयल पत्रिका

## संपादकीय....

### ईरान की अडिग रहने की रणनीति

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यदि यह सोचते थे कि शीर्ष नेतृत्व के खत्म हो जाने और पंद्रह दिनों की भीषण बमबारी झेलने के बाद ईरान हाथ खड़े कर देगा तो वह शायद उनकी भूल थी। ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के मिसाइल हमले में मारे जाने के बाद उनकी गद्दी पर बैठे उनके बेटे मोजतबा खामेनेई ने अपने पहले ही संदेश में खून का बदला खून से लेने का एलान करते हुए पड़ोस के खाड़ी देशों को चेतावनी दी कि वे अपने यहां बने अमेरिकी अड्डों को बंद करें। हालांकि उनके संदेश की जिस बात ने पूरी दुनिया के बाजारों और कारोबारों में हड़कंप मचाया वह दुश्मनों को मात देने के लिए होर्मुज जलमार्ग का हथियार की तरह इस्तेमाल करने के बारे में था। दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत तेल और गैस इसी मार्ग से होकर जाता है, जिसका 60 प्रतिशत से अधिक चीन, भारत, जापान, दक्षिण कोरिया और हिंदचीन के देशों को जाता है।

हड़कंप को शांत करने के लिए ट्रंप ने लड़ाई के लगभग पूरा हो जाने की बातें कीं। ईरान को धमकी दी कि होर्मुज बंद किया तो बीस गुना भीषण हमले झेलने होंगे। कभी होर्मुज से जाने वाले जहाजों का बीमा करने की बात उछाली। कभी जहाजों के अमेरिकी नौसेना की सुरक्षा देने की बातें कीं। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने अपने आपात रिजर्व से 40 करोड़ बैरल तेल जारी करने की घोषणा की। साथ में ट्रंप ने रूस के जहाजों पर लदे करीब 35-40 करोड़ बैरल तेल की बिक्री से एक महीने के लिए प्रतिबंध हटा लिए, लेकिन जहाजों पर ईरान के छिटपुट हमलों और उसकी धमकी से फैले आतंक के सामने किसी घोषणा की एक न चली। होर्मुज से जहाजों का यातायात लगभग ठप रहा और कच्चे तेल के दाम 100 डालर प्रति बैरल पार कर गए।

अमेरिका और इजरायल का दावा है कि उन्होंने ईरान की हवाई, नौसैनिक और मिसाइल निर्माण एवं मारक क्षमता खत्म कर दी है। शीर्ष नेतृत्व मारा जा चुका है, इसलिए देश में कोई व्यवस्था नहीं बची है, मगर उनके ये दावे जमीनी हकीकत पर खरे नहीं उतरते। ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन हमलों की संख्या घटी जरूर है, पर हमले जारी हैं और इजरायल, अमेरिका एवं खाड़ी के देशों के सुरक्षा कवचों को भेद भी रहे हैं। ईरानी राष्ट्रपति महमूद पेजेश्कियान और विदेश मंत्री अराघची के बयानों और हावभाव में किसी तरह की घबराहट या चिंता दिखाई नहीं दे रहीं।

मोजतबा खामेनेई के चुनाव को लेकर अवश्य 88 मुजाहिदों की मजलिस-ए-रहबरी के बीच कुछ विवाद होने की खबरें हैं, क्योंकि इस्लामी क्रांति का मकसद वंशवादी राजशाही को हटाकर ऐसी मुल्लाशाही स्थापना करना था जिसके नेता का चुनाव योग्यता के आधार हो। मोजतबा खामेनेई का चुना जाना वंशवाद का ही प्रतीक है।

# यकीन करना मुश्किल पर यही है सच: इतिहास की 5 सबसे अजीबोगरीब घटनाएं, जिन्होंने दुनिया को हैरान कर दिया

## - बुद्धिमान मूर्ख सुल्तान के अजीब फैसले से लेकर रूस की बर्फीली ठंड में हिटलर की सबसे बड़ी हार तक; पढ़िए ऐतिहासिक सनक और जांबाजी की अनसुनी दास्तानें

जयपुर | रॉयल पत्रिका डेस्क
दुनिया को आकार देने में लाखों ऐतिहासिक घटनाओं ने अपना योगदान दिया है। इनमें से कुछ घटनाएं ऐसी हैं जो सदियों तक याद रखी जाती हैं, लेकिन कुछ ऐसी भी हैं जो इतनी अजीब हैं कि उन पर यकीन करना मुश्किल हो जाता है। आज के इस विशेष लेख में हम इतिहास के उन पन्नों को पलट रहे हैं, जहाँ इंसान की सनक, गलतियां और हैरतअंगेज बहादुरी के ऐसे किस्से दबे हैं जो किसी काल्पनिक फिल्म की पटकथा से कम नहीं लगते।

1. मुहम्मद बिन तुगलक: एक 'बुद्धिमान मूर्ख' की दास्तान
दिल्ली सल्तनत के सुल्तानों में मुहम्मद बिन तुगलक का नाम सबसे दिलचस्प है। उसने उत्तर भारत से लेकर दक्कन तक शासन किया, लेकिन उसकी प्रशासनिक योजनाओं और गलत फैसलों के कारण उसे 'बुद्धिमान मूर्ख' कहा जाने लगा।

टोकन मुद्रा का प्रयोग: 14वीं शताब्दी में चांदी की कमी के कारण तुगलक ने तांबे के सिक्कों को चांदी के मूल्य के बराबर चलाने का फैसला किया। इससे भारी आर्थिक अराजकता फैल गई।

राजधानी का स्थानांतरण: सुल्तान ने पूरे उपमहाद्वीप पर नियंत्रण के लिए राजधानी दिल्ली से दौलताबाद शिफ्ट करने का आदेश दिया। उसने केवल दरबार ही नहीं, बल्कि दिल्ली की पूरी जनता, कवियों और संगीतकारों को भी पैदल चलने को मजबूर किया। जब लोग दौलताबाद पहुँचे, तो सुल्तान ने अपना मन बदल लिया और वापस दिल्ली लौटने का फरमान जारी कर दिया, जिससे हजारों लोगों की जान चली गई।

2. रूस की ठंड और हिटलर की सबसे बड़ी भूल
इतिहासकार एंड्रयू रॉबर्ट्स की किताब "The Storm of War" के अनुसार, 1941 में रूस पर आक्रमण करना हिटलर की सबसे बड़ी रणनीतिक चूक थी। जर्मनी की सेना उस वक्त रूस के बेहद ठंडे वातावरण के लिए तैयार नहीं थी।

बिना तैयारी के हमला: 22 जून, 1941 को जब आक्रमण शुरू हुआ, तो जर्मन सैनिकों के पास पर्याप्त ऊनी टोपी, दस्ताने और ओवरकोट तक नहीं थे।

बर्फीला नर्क: ठंड इतनी ज्यादा थी कि सैनिकों की नाक और उंगलियां फट गईं, पलकें आंखों से चिपक कर जम गईं। भूख से बेहाल होकर सैनिकों ने अंत में अपने ही घोड़ों को खाना शुरू कर दिया था। यह युद्ध हिटलर के अंत की शुरुआत माना जाता है।

3. मथियास गैलस: अपनी ही सेना का 'विनाशक'
इतिहास में मथियास गैलस (Matthias Gallas) को "Army Wrecker" या "सेनाओं के विनाशक" के रूप में जाना जाता है। वह एक अनुभवी जनरल था, लेकिन उसकी एक ही गलती को बार-बार दोहराने की सनक ने उसकी सेना को बर्बाद कर दिया।

भूख से मौत का मार्च: 1637 में गैलस ने अपनी सेना को बिना भोजन के एक बंजर भूमि में मार्च करने का आदेश दिया।

गलती की पुनरावृत्ति: हैरानी की बात यह है कि 1638 में उसने फिर से वही गलती की और अपनी सेना को उसी बंजर भूमि में ले गया, जहाँ उसके ज्यादातर सैनिक भूख से मर गए।

4. नेपोलियन के वो ऐतिहासिक 100 दिन
नेपोलियन बोनापार्ट का नाम इतिहास में उनकी वापसी के लिए भी प्रसिद्ध है। 1814 में हार के बाद उन्हें एल्बा द्वीप पर निर्वासित कर दिया गया था।

कैद से फरारी: 26 फरवरी 1815 को नेपोलियन एल्बा से भागने में सफल रहा और फ्रांस लौट आया।
दुश्मन सेना का साथ: जब राजा लुई XVIII ने नेपोलियन को रोकने के लिए 5वीं रेजिमेंट भेजी, तो



नेपोलियन ने उनसे कहा कि वे चाहें तो अपने सम्राट को गोली मार सकते हैं। लेकिन सेना नेपोलियन के पक्ष में हो गई और उसे पेरिस की सत्ता सौंपी, जहाँ उसने अगले 100 दिनों तक शासन किया।

5. 1941 का रासिनेई युद्ध: जब एक टैंक ने रोका पूरा डिवीजन
यह घटना द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान रासिनेई (Raseiniai) गांव के पास हुई थी। यहाँ एक अकेले सोवियत केवी (KV) टैंक ने पूरे जर्मन डिवीजन का रास्ता रोक दिया था।
अकेले की जांबाजी: इस सिंगल रूसी टैंक ने पूरे दिन जर्मन सेना को आगे नहीं बढ़ने दिया। जब तक जर्मन सैनिक भारी तोपों के साथ वहां नहीं पहुँचे, वह अकेला टैंक दीवार बनकर खड़ा रहा। स्थानीय लोगों के अनुसार, उस एक टैंक की बहादुरी ने जर्मनी की पूरी योजना को उस क्षेत्र में अस्त-व्यस्त कर दिया था।

निष्कर्ष: इतिहास केवल राजाओं और युद्धों की गाथा नहीं है, बल्कि यह मानवीय व्यवहार की उन अकल्पनीय परतों का गवाह है जहाँ कभी एक फैसला लाखों जिंदगियां ले लेता है, तो कभी एक टैंक पूरे युद्ध की दिशा बदल देता है।

## दिवस विशेष

श्वेता गोयल




### मानवता का सबसे सशक्त सुरक्षा कवच है टीकाकरण

मानव सभ्यता के इतिहास में अदृश्य सूक्ष्मजीवों, वायरसों और जीवाणुओं ने समय-समय पर अस्तित्व के लिए गंभीर चुनौतियां पेश की हैं। इन प्राणघातक संकटों के विरुद्ध मानवता के पास सबसे सशक्त और अचूक अस्त्र 'टीकाकरण' ही रहा है। भारत में प्रतिवर्ष 16 मार्च को मनाया जाने वाला 'राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस' सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता, वैज्ञानिक चेतना और लाखों जिंदगियों को अकाल मृत्यु से बचाने के संकल्प का उत्सव है। यह दिवस हमें स्मरण कराता है कि कैसे विज्ञान ने प्रकृति के प्रकोप को नियंत्रित कर एक स्वस्थ समाज की नींव रखी है। टीकाकरण की महत्ता को समझना आज इसलिए भी अनिवार्य है क्योंकि यह न केवल व्यक्ति विशेष की रक्षा करता है बल्कि एक अभेद्य सामुदायिक सुरक्षा तंत्र (हर्ड इम्यूनिटी) का निर्माण भी करता है। टीकाकरण की प्रक्रिया वास्तव में शरीर की आंतरिक रक्षा प्रणाली को प्रशिक्षित करने की एक कला है। हमारे वातावरण में अनगिनत रोगजनक तत्व विचरण करते हैं, जो किसी भी क्षण हमें अपनी चपेट में ले सकते हैं। वैक्सीन इन खतरों के विरुद्ध शरीर में एक कृत्रिम प्रतिरक्षा जागृत करती है, जिससे हमारा शरीर वास्तविक संक्रमण होने पर उससे लड़ने के लिए पहले ही तैयार रहता है। यह चिकित्सा विज्ञान की वह अद्भुत उपलब्धि है, जिसने चेचक जैसी भयावह बीमारियों का नामोनिशान मिटा दिया और पोलियो जैसे अभिशाप को इतिहास के पन्नों तक सीमित कर दिया। राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस का मूल ध्येय समाज के हर वर्ग, विशेषकर नीति निर्माताओं और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को इस अभियान की निरंतरता बनाए रखने के लिए प्रेरित करना है। यह उन अग्रिम पंक्ति के योद्धाओं, डॉक्टरों और नर्सों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का भी क्षण है, जो दुर्गम क्षेत्रों में जाकर हर बच्चे तक 'सुरक्षा की खुराक' पहुंचाना सुनिश्चित करते हैं। यदि हम भारत के संदर्भ में टीकाकरण की ऐतिहासिक विजय गाथा का विश्लेषण करें तो 16 मार्च की तिथि स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। इसी दिन वर्ष 1995 में देश में ओरल पोलियो वैक्सीन की पहली खुराक दी गई थी, जो 'पल्स पोलियो अभियान' के व्यापक शंखनाद का प्रतीक बनी। 'दो बूंद जिंदगी की' का वह नारा केवल एक विज्ञापन नहीं बल्कि एक जन-आंदोलन बन गया, जिसने देश के कोने-कोने में चेतना जगाई। उस समय भारत पोलियो के मामलों का प्रमुख केंद्र माना जाता था लेकिन निरंतर प्रयासों और टीकाकरण की शक्ति ने असंभव को संभव कर दिखाया। परिणामस्वरूप, वर्ष 2011 में पश्चिम बंगाल में अंतिम मामला मिलने के बाद 2014 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत को पोलियो मुक्त राष्ट्र घोषित कर दिया। यह उपलब्धि प्रमाणित करती है कि यदि इच्छाशक्ति और टीकाकरण का सही समन्वय हो तो किसी भी महामारी को परास्त किया जा सकता है। टीकाकरण की प्रासंगिकता केवल शिशुओं तक सीमित नहीं है। यद्यपि इसका आरंभ बाल्यकाल की सुरक्षा से होता है परंतु व्यस्क और वृद्धजनों के लिए भी यह उतना ही अनिवार्य है। कोविड-19 वैश्विक महामारी ने इस सत्य को वैश्विक स्तर पर पुनर्स्थापित किया है। 2020 के बाद भारत ने दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान चलाकर यह सिद्ध किया कि आधुनिक युग की चुनौतियों का सामना केवल वैज्ञानिक नवाचार से ही संभव है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मत है कि टीकाकरण के लाभ केवल व्यक्तिगत आरोग्य तक सीमित नहीं रहते बल्कि इसका व्यापक सामाजिक और आर्थिक प्रभाव पड़ता है। एक स्वस्थ कार्यबल राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को गति देता है और स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ने वाले अतिरिक्त बोझ को कम करता है। ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में देखें तो भारत में टीकाकरण की जड़ें बहुत गहरी हैं। दस्तावेजी प्रमाण बताते हैं कि 1802 में मुंबई की एक नन्ही बालिका को चेचक का टीका लगाकर इस आधुनिक सुरक्षा चक्र की शुरुआत हुई थी। उसके बाद 1896 में अनिवार्य टीकाकरण अधिनियम का आना और 20वीं सदी के प्रारंभ तक हैजा, प्लेग और टाइफाइड जैसी महामारियों के विरुद्ध टीकों की उपलब्धता ने भारतीय स्वास्थ्य ढांचे को मजबूती प्रदान की। टीकाकरण केवल दवा की बूंद नहीं है बल्कि यह एक स्वस्थ और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण की पहली शर्त है। आज जब हम आधुनिक प्रौद्योगिकियों के युग में जी रहे हैं, तब हमारा यह दायित्व है कि हम भ्रांतियों और अफवाहों को दरकिनार कर टीकाकरण को एक नागरिक कर्तव्य के रूप में अपनाएं। यदि हम 'पूर्ण टीकाकरण' के लक्ष्य को प्राप्त कर लेते हैं तो भविष्य की पीढ़ियों को हम एक रोगमुक्त और निर्भय संसार उपहार में दे सकेंगे। हर साल लाखों जिंदगियां बचाने का यह संकल्प तभी फलीभूत होगा, जब 'सुरक्षा का यह चक्र' समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगा।

(लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## ईश्वर की प्राप्ति




संकलित

दर्शन

जड़ जगत की रचना के लिए ईश्वर की जो शक्ति काम करती है, उसे प्रकृति कहते हैं और चैतन्य जगत की रचना करने वाली शक्ति को जीव कहते हैं। जिस प्रकार दोनों हाथ एक ही शरीर के दो भाग हैं, उसी प्रकार जीव और प्रकृति दोनों ही ईश्वरतत्व के दो अंश हैं। अध्यात्म तत्व के जिज्ञासु जिस ईश्वर की उपासना करते हैं, असल में वह अखिल आद्यशक्ति का सतोगुणी अंश है। मानवीय उन्नति तो सत्व गुणों को प्राप्त करने से ही हो सकती है। इसलिए उन उच्च गुणों की एक मानसिक प्रतिमा बनाकर उपासना करने का विधान किया गया है। ईश्वर का सत्व गुण अदृश्य रूप से हमारे निकट ही वर्तमान है। उसे अधिक मात्र में खींचकर अपने अंदर भर लेने के लिए प्रेम, श्रद्धा, विश्वास और ध्यान अभ्यास की आवश्यकता होती है। इन्हीं चारों के समन्वय को 'उपासना' कहा जाता है। उपासना जितनी ही प्रबल होगी, आकर्षण भी वैसा ही सशक्त होगा और उसी के अनुसार उपास्य देवतत्व की प्राप्ति होगी। प्रेम, दया, करुणा, सहानुभूति, उदारता, त्याग, समता और न्याय आदि सद्गुणों का निष्ठापूर्वक जितना अधिक चिंतन किया जाता है, उतनी अधिक उनकी प्राप्ति होती है। उन्नति का क्रम तम से सत की ओर चलना है। जिसने जितना ही सत्गुण अपने में धारण कर लिया, आध्यात्मिक दृष्टि से वह उतना ही उन्नतिशील कहा जाएगा। यदि एक भक्त सत तत्व की उपासना करता है तो कोई कारण नहीं कि उसे वह प्राप्त न हो। ईश्वर की उपासना का तात्पर्य उसके दिव्य सत तत्व की आराधना है।

## दूसरों को कमजोर समझने की गलती न करें




संकलित

प्रेरणा

महाभारत युद्ध में अर्जुन और कर्ण आमने-सामने थे। दोनों दिव्य अस्त्र-शस्त्रों से लड़ रहे थे। जब-जब अर्जुन के तीर कर्ण के रथ पर लग रहे थे तो कर्ण का रथ बहुत पीछे खिसक रहा था। दूसरी ओर जब-जब कर्ण के तीर अर्जुन के रथ पर लगते तो उसका रथ थोड़ा सा ही पीछे खिसकता था। ये देखकर अर्जुन को घमंड हो गया कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। अर्जुन ने ये बात श्रीकृष्ण से कही तो भगवान ने कहा कि तुम्हारे बाणों से ज्यादा शक्ति कर्ण के बाणों में है। भगवान की बात सुनकर अर्जुन ने कहा कि ये कैसे संभव है, मेरा रथ तो थोड़ा सा ही पीछे खिसक रहा है। श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम्हारे रथ पर मैं स्वयं बैठा हूं, ऊपर ध्वजा पर हनुमान जी विराजित हैं, तुम्हारे रथ के पहिए को शेषनाग ने थाम रखा है। इतना होने के बाद भी कर्ण के बाण ये रथ पीछे खिसक रहा है तो इसका मतलब यही है कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। यदि ये न होता तो पता नहीं तुम्हारे रथ की क्या स्थिति होती। ये बात सुनकर अर्जुन को अपनी गलती का अहसास हो गया और उसका घमंड टूट गया। इस कथा में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को सीख दी है कि कभी अपनी शक्ति का घमंड न करें और शत्रु को कमजोर न समझें। यथा स्थिति का अच्छा से अवलोकन करे।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### बड़ा बोझ क्यों बन रही शादियां?

भारत में शादी सिर्फ दो लोगों का मिलन नहीं बल्कि एक बड़ा सामाजिक आयोजन भी माना जाता है। यहां शादी में परिवार, रिश्तेदार, दोस्त और पूरा समाज शामिल होता है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में शादियों का स्वरूप बहुत बदल गया है। आजकल कई शादियां इतनी भव्य और महंगी हो गई हैं कि उनमें करोड़ों रुपए तक खर्च किए जाते हैं। बड़े-बड़े होटल, महंगे कपड़े, विदेशी सजावट, मशहूर कलाकारों के कार्यक्रम और कई दिनों तक चलने वाले समारोह अब आम बात हो गए हैं। ऐसी शादियों का सबसे बड़ा प्रभाव गरीब वर्ग पर पड़ता है। जब समाज में अमीर लोग बहुत महंगी शादियां करते हैं तो बाकी लोगों पर भी वैसी ही शादी करने का दबाव बनने लगता है। आर्थिक क्षमता से अधिक खर्च बोझ बन जाता है।

*- मनोज जोशी, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

### हमलों के बाद 'काली बारिश' से ईरान की जनता को खतरा

अमेरिका व इजराइल के ईरान के तेल भंडारों पर किये गये हवाई हमलों कारण उठे जहरीले धुएं के बादल धरती पर 'काली बारिश' हुई।

अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने इसके मद्देनजर जनता के लिए गंभीर खतरों की चेतावनी जारी की है।



पिछले हफ्ते ईरान के कई तेल डिपो और एक रिफाइनरी पर हमले के बाद तेहरान के पास काली और तैलीय बारिश हुई, जिससे राजधानी के निवासियों ने आंखों में जलन और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत की। दो सप्ताह से जारी युद्ध के दौरान क्षेत्र के अन्य हिस्सों में भी काले धुएं के गुबार देखे गए। ईरान भी फारस की खाड़ी के पड़ोसी देशों के तेल और प्राकृतिक गैस भंडारों पर ड्रोन व मिसाइलों से हमला कर अमेरिकी-इजराइली हवाई हमलों का जवाब दे रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक, बारिश अपेक्षाकृत कम समय में वायुमंडल से खतरनाक रसायनों को साफ कर देती है लेकिन काली बारिश के संपर्क में आने वाले लोगों को अल्पकालिक और दीर्घकालिक स्वास्थ्य जोखिमों से बचने के लिए सावधानी बरतनी चाहिए। यह तब होता है, जब राख और जहरीले रसायन वायुमंडल में पानी की बूंदों के साथ मिलकर बारिश के दौरान वापस पृथ्वी पर गिरते हैं। तेल रिफाइनरियों या तेल क्षेत्रों में आग लगने के बाद यह आम बात है।

## ऑफ बीट

### ब्रह्माण्ड स्वयं को क्यों खंडित कर रहा है?

ब्रह्मांड किससे बना है? यह प्रश्न सैकड़ों वर्षों से खगोलविदों को उद्वेलित करता रहा है। पिछली एक चौथाई सदी से, वैज्ञानिकों का मानना है कि परमाणु



और अणु जैसी 'सामान्य' चीजें जो आपको, मुझे, पृथ्वी और लगभग हर चीज को बनाती हैं जिसे हम देख सकते हैं, ब्रह्मांड का केवल 5 प्रतिशत हिस्सा है। अन्य 25 प्रतिशत 'डार्क मैटर' है, एक अज्ञात पदार्थ जिसे हम देख नहीं सकते हैं लेकिन हम यह पता लगा सकते हैं कि यह गुरुत्वाकर्षण के माध्यम से सामान्य पदार्थ को कैसे प्रभावित करता है। ब्रह्मांड का शेष 70 प्रतिशत भाग 'डार्क एनर्जी' से बना है। 1998 में खोजा गया, यह ऊर्जा का एक अज्ञात रूप है जिसके बारे में माना जाता है कि यह ब्रह्मांड का लगातार बढ़ती दर से विस्तार कर रहा है। एस्ट्रोनॉमिकल जर्नल में जल्द ही प्रकाशित होने वाले एक नए अध्ययन में, हमने डार्क एनर्जी के गुणों को पहले से कहीं अधिक विस्तार से मापा है। हमारे नतीजे दिखाते हैं कि यह एक काल्पनिक वैक्यूम ऊर्जा हो सकती है जिसके बारे में सबसे पहले आइंस्टीन ने प्रस्तावित किया था – या यह कुछ अजीब और अधिक जटिल हो सकता है जो समय के साथ बदलता रहता है। एक सदी पहले जब आइंस्टीन ने सापेक्षता का सामान्य सिद्धांत विकसित किया।

## ट्रेंड

### जनता देगी जवाब



टीएमसी वालों को यह याद रखना होगा कि उन्होंने केवल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु जी का अपमान नहीं किया है, बल्कि देश के आदिवासी समाज के साथ-साथ करोड़ों महिलाओं के सम्मान को भी ठेस पहुंचाई है। पश्चिम बंगाल की जनता-जनार्दन इसका भरपूर जवाब देगी।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### कांशीराम को मिले भारत रत्न



सरकार से सामाजिक न्याय के महान योद्धा और बहुजन चेतना के मार्गदर्शक कांशीराम को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग करता हूं। यह सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान कांशीराम के साथ उस पूरे आंदोलन को श्रद्धांजलि होगी जिसने करोड़ों बहुजनों को हक्र और आत्मसम्मान की राह दिखाई।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### ब्याज-मुक्त ऋण



युवा शक्ति ही सशक्त राजस्थान की असली पहचान है। उनके सपनों को नई उड़ान देने के लिए हमारी सरकार हर कदम पर उनके साथ खड़ी है। युवाओं को स्वरोजगार के लिए ब्याज-मुक्त ऋण दिया जा रहा है।

- भजनलाल शर्मा, सीएम, राजस्थान

### डबल इंजन सरकार



कुछ साल पहले किसने सोचा होगा कि असम के हर जिले में ब्रह्मपुत्र नदी पर पुल होगा, हर जिले में मेडिकल कॉलेज और एम्स होंगे, एक पानी के नीचे सुरंग होगी और भी बहुत कुछ। डबल इंजन सरकार ने इन सभी को हकीकत बना दिया है।

-हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम

रॉयल पत्रिका

# 'जल जीवन मिशन 2.0' के तहत एमओयू करने वाला देश का पहला राज्य बना राजस्थान

## -प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जताया आभार



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान ने 'हर घर जल' के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए जल जीवन मिशन 2.0 के अंतर्गत नई गाइडलाइन्स के अनुसार केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय के साथ एमओयू करने वाले देश के पहले राज्य बनने का गौरव प्राप्त किया है। यह एमओयू केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल की गरिमामय उपस्थिति में मंगलवार को जल शक्ति मंत्रालय, नई दिल्ली में हस्ताक्षरित किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत प्रदेश की जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए इसके लिए केन्द्र सरकार से आग्रह किया था। वहां से अनुमति मिलने के बाद यह एमओयू साइन किया गया है। यह एमओयू राज्य में जल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

**केंद्र-राज्य में समन्वय से मिशन को मिलेगी गति —**

प्रदेश में डबल इंजन की सरकार प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। इस पहल के माध्यम से दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, जिससे विशेष रूप से महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार आएगा और दैनिक जीवन अधिक सुगम एवं सुरक्षित बनेगा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जल जीवन मिशन के विस्तारित स्वरूप को स्वीकृति मिलने के बाद मिशन को अधिक प्रभावी, जवाबदेह एवं पारदर्शी बनाने की दिशा में तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है। यह एमओयू प्रत्येक ग्रामीण परिवार तक नल से स्वच्छ एवं नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित करने, सेवा गुणवत्ता में सुधार, समयबद्ध लक्ष्य प्राप्ति तथा पारदर्शिता को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर केन्द्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री वी. सोमन्ना, जलदाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अखिल अरोड़ा सहित अन्य केन्द्रीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# जेकेके में आयोजित हुआ विश्व का पहला नाटक समुद्र मंथन

## - उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी रही मुख्य अतिथि

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा राजस्थान दिवस के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में मंगलवार को जवाहर कला केंद्र में नाटक समुद्र मंथन खेला गया। इस अवसर पर प्रदेश की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी भी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहीं। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) के रंगमंडल के निदेशक चितरंजन त्रिपाठी के निर्देशन में खेले गए इस नाटक में 100 से अधिक कलाकारों ने अभिनय किया। वहीं इस नाटक की खास बात यह भी रही की पौराणिक कथा को नाट्य शास्त्र के जनक भरतमुनि द्वारा विश्व की पहली नाट्य प्रस्तुति माना जाता है। नाटककार आसिफ़ अली ने एक महाकाव्य को बहुत ही ख़ूबसूरती से समसामयिक घटनाचक्र से जोड़ने का काम किया। नाटक की शुरुआत ही इस बात से होती है कि हमें आख़िरकार नाटक से क्या मिलेगा? हम अपने जीवन के अन्य ज़रूरी विषयों पर मंथन करने की जगह कला, साहित्य और नाटकों पर मंथन क्यों करें? जिसका उत्तर हमें नाटक के अंत में मिलता है। गौरतलब है कि इस नाटक की देश भर में पच्चीस से अधिक प्रस्तुतियां हो चुकी हैं। निदेशक चित्तरंजन त्रिपाठी का निर्देशकीय कौशल पूरे नाटक में बार-बार उभर कर आता है। एक बड़े से स्क्रीन के माध्यम से नाटक में जिन मोहक दृश्यों को मंच पर उकेरा गया, वे सभी दृश्य दर्शकों की स्मृति में सदा के लिए जगह बना लेते हैं। मंच-परिकल्पना और संगीत परिकल्पना नाटक को और रोमांचक और गतिशील बनाते हैं, जिससे दर्शकों



को पलक झपकने तक का समय नहीं मिलता। नाटक जिस ऊर्जा से आरंभ होता है, वही ऊर्जा नाटक के अंतिम दृश्य तक बरकरार रहती है। नाटक वर्तमान से शुरू होकर धीरे-धीरे पौराणिक कहानी की ओर अपना क़दम बढ़ाता है, और पुनः वर्तमान में लौटकर दर्शकों से सीधे संवाद करता है कि आख़िर हम आधुनिकता के इस दौर में आकर मंथन करना क्यों भूल गए? हम एक समाज और देश के रूप में अपने आने वाली पीढ़ी और पर्यावरण के लिए विचार क्यों नहीं कर रहे हैं? हम किस दुनिया की खोज में हैं? जिसके लिए हम अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के साथ विचारों तक का समझौता कर रहे हैं। कहानी के अनुसार, ऋषि दुर्वासा देवराज इंद्र पर कुपित हो जाते हैं और उन्हें हीन और शक्तिहीन होने का शाप देते हैं। इस अवसर का लाभ उठाते हुए—राक्षस-राज बलि इंद्र को हरा देता है और स्वर्ग के लोगों पर अपना वर्चस्व स्थापित करता है। दैत्यों द्वारा देवताओं पर विजय प्राप्त करने से राक्षस और राक्षसी प्रवृत्तियाँ पूरी सृष्टि पर हावी होने लगती हैं। ब्रह्मांड के जनक भगवान ब्रह्मा के कहने पर, इंद्र सहित सभी देवता ब्रह्मांड की रक्षा और उसके अस्तित्व की पुनर्स्थापना के लिए परमपिता परमेश्वर भगवान श्री विष्णु से प्रार्थना करते हैं। देवताओं की व्यथा सुनकर सृष्टि के पालनहार नारायण उन्हें अपने क्षीर सागर का मंथन करने का आदेश देते हैं, ताकि ब्रह्मांड से लुप्त हो चुके सत्य और सार को पुनः प्राप्त किया जा सके। नाटक 'समुद्र मंथन' स्पष्ट संदेश देता है अगर हम अपने वर्तमान समाज पर चिंतन की एक दृष्टि डालते हैं तो हम पाते हैं विकास के नाम पर हम इतनी तेज़ी से अग्रसर हैं कि उससे उत्पन्न होने वाले दुष्प्रभाव को देखने का समय ही नहीं है। समुद्र मंथन से केवल अमृत ही नहीं, बल्कि विष भी निकला था जिसे महादेव ने अपने कंठ में धारण कर समस्त विश्व को उसके प्रकोप से बचाया। आज भी विकास के रास्ते में विष रूपी प्लास्टिक, केमिकल गैस और अन्य हानिकारक चीज़ें निकल रही हैं, जिससे मिट्टी, पानी और हवा दूषित हो रहे हैं। जिसका दुष्प्रभाव हम सब पर पड़ रहा है। इसके लिए कौन ज़िम्मेदार है? यह हम सबके लिए विचार का विषय होना चाहिए। निर्देशक ने नाटक में आधुनिकता को समायोजित करते हुए उसकी पौराणिकता को बरक़रार रखा। नाटक 'समुद्र मंथन' एक महाकाव्य है और उसकी प्रस्तुति उसकी काव्यात्मकता की ख़ूबसूरती को बरक़रार रखती है।

# अल्पसंख्यक मामलात के अतिरिक्त मुख्य सचिव ने किया राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन 181 का निरीक्षण

## -परिवादियों से फोन पर किया सीधा संवाद, त्वरित समाधान के दिए निर्देश



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान संपर्क 181 हेल्पलाइन आमजन की समस्या के समाधान के लिए वरदान साबित हो रही है। अल्पसंख्यक मामलात एवं वक्फ विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, अश्विनी भगत ने मंगलवार को शासन सचिवालय स्थित राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन (181) का निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान भगत ने स्वयं परिवादियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव ने संपर्क पोर्टल पर दर्ज अल्पसंख्यक मामलात एवं वक्फ विभाग से जुड़े प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की नियमित और प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि परिवादियों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान हो सके। उन्होंने इस दौरान विभागीय अधिकारियों के साथ प्रकरणों के निस्तारण की औसत अवधि, लंबे समय से लंबित मामलों तथा संतुष्टि श्रेणियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक परिवादी की समस्या का त्वरित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने के भी निर्देश दिए।

**निस्तारित प्रकरणों के संबंध में परिवादियों से लें नियमित फीडबैक-**

सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज परिवादों के गुणवत्तापूर्वक निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए एसीएस द्वारा अधीनस्थ अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गयी जिसमें परिवादों के निस्तारण में लगने वाले समय को कम करने तथा निस्तारित परिवादों के संतुष्टि स्तर बढ़ाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने परिवादों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि संपर्क पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों के निस्तारण के लिए आवश्यक सुधारात्मक उपाय अपनाए जाएं तथा परिवादियों के साथ नियमित संवाद स्थापित किया जाए। उन्होंने निस्तारित प्रकरणों के संबंध में परिवादियों से फीडबैक लेने के भी निर्देश दिए।

**सीधा संवाद कर दिए त्वरित समाधान के दिए निर्देश-**

सुनवाई के दौरान एसीएस ने अल्पसंख्यक मामलात एवं वक्फ विभाग से संबंधित 7 परिवादियों से संवाद किया और समस्या समाधान के निर्देश दिए। बाड़मेर जिले के सीयतटूला ने एम.बी.एम मदरसे में पोषाहार की कमी तथा अध्यापक की कमी की शिकायत की, इस पर एसीएस भगत द्वारा मदरसा बोर्ड के संबंधित अधिकारियों को तुरंत निर्देश देकर समस्या का समाधान करवाने हेतु निर्देशित किया गया। ऐसे ही बालोतरा के मोहम्मद शहीम, टोंक के अनवर खान, भीलवाड़ा के मोहम्मद शाहिद मंसूरी आदि से भी संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी गईं और मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए गए। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार आमजन से जुड़ी शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से सभी विभागों के सचिव निर्धारित तिथियों में राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन पर स्वयं उपस्थित होकर परिवादियों से सीधा संवाद स्थापित कर रहे हैं। 181 हेल्पलाइन के माध्यम से आमजन घर बैठे अपनी समस्या दर्ज कराकर उसका शीघ्र समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

# उदयपुर में एआईयु की वेस्ट जोन वाइस चांसलर्स मीट 2025-26 का शुभारंभ

## -वैश्विक प्रतिस्पर्धा के दौर में भारत को आत्मनिर्भर बनाने में विश्वविद्यालयों की अहम भूमिका - राज्यपाल




उदयपुर (रॉयल पत्रिका)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि आज के वैश्विक प्रतिस्पर्धा के दौर में भारत को आत्मनिर्भर बनाने में विश्वविद्यालयों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सशक्त आधार है। यदि विश्वविद्यालय स्वदेशी सोच और नवाचार को बढ़ावा दें, तो भारत वैश्विक स्तर पर अपनी अलग पहचान स्थापित कर सकता है। राज्यपाल बागडे मंगलवार को उदयपुर में जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ के डबोक परिसर में एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू) वेस्ट जोन वाइस चांसलर मीट 2025-26 के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। दो दिवसीय इस कॉन्फ्रेंस में राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र आदि राज्यों के विश्वविद्यालयों के कुलगुरू भाग ले रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि तकनीकी राष्ट्रवाद और आर्थिक देशभक्ति जैसे विचार केवल नारे नहीं, बल्कि व्यवहार में उतारे जाने वाले संकल्प हैं। राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों से आह्वान किया कि वे शोध, नवाचार और कौशल विकास के माध्यम से युवाओं को रोजगार सृजन की दिशा में सक्षम बनाएं। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के अनुरूप भारतीय मूल्यों और आधुनिक तकनीक का समन्वय ही आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार कर सकता है। समारोह में बागडे ने रामायण के प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि हनुमानजी सर्वसमर्थ थे, लेकिन उन्हें अपनी शक्तियों का अहसास जामवन्तजी ने कराया था। आज शिक्षा के क्षेत्र में देश के नामी लोग एकत्र हुए हैं, उनके बीच में शिक्षा की कोई बात नहीं करूंगा, मैं तो सिर्फ जामवन्त जी की भूमिका निभा रहा हूं। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षण संस्थाओं के लिए केंद्र बिन्दु सिर्फ विद्यार्थी होना चाहिए। विद्यार्थी को धुरी पर रखते हुए ही योजनाएं और कार्यक्रम तय होने चाहिए, तभी विद्यार्थी की बौद्धिक क्षमताओं का विकास होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान की परंपरा गौरवशाली रही है। अब नई शिक्षा नीति पुराने वैभव को लौटाने का प्रयास है। नई शिक्षा नीति विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास पर जोर देती है।

# ऑपरेशन 'एंटी वेनम': 347 नशीले कैप्सूल के साथ तस्कर गिरफ्तार



मनोहरपुर (रॉयल पत्रिका)। जयपुर ग्रामीण पुलिस ने नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन एंटी वेनम' के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। मनोहरपुर थाना पुलिस और शाहपुरा सेक्टर की स्पेशल टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध नशीले ट्रामाडोल कैप्सूल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

**नाकाबंदी के दौरान धरा गया आरोपी:-**

जानकारी के अनुसार, जिला पुलिस अधीक्षक श्रीमती राशि डोगरा डूडी के निर्देशानुसार नशे के सौदागरों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत टोल प्लाजा पर विशेष नाकाबंदी की गई थी। इसी दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल (हीरो स्प्लेंडर, नंबर RJ 52 SF 8604) को रुकने का इशारा किया गया। पुलिस को देखकर चालक ने भागने का प्रयास किया, लेकिन मुस्तैद टीम ने पीछा कर उसे दबोच लिया।

**तलाशी में मिले 347 नशीले कैप्सूल:-**

पुलिस ने जब मोटरसाइकिल के पीछे बंधे थैले की तलाशी ली, तो उसमें 347 अवैध नशीले ट्रामाडोल कैप्सूल बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी मुकेश गुर्जर (34 वर्ष), निवासी पीपलोद, शाहपुरा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने नशीली दवाओं के साथ तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया है। आरोपी के खिलाफ मनोहरपुर थाने में NDPS एक्ट की धारा 8/21 और 8/22 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस पूरे मामले की जांच शाहपुरा थानाधिकारी रिया चौधरी को सौंपी गई है। पुलिस अब इस बात की तफ्तीश कर रही है कि आरोपी ये नशीली दवाएं कहां से लाया था और इन्हें कहां सप्लाई करने वाला था।

**पुलिस टीम की भूमिका:-**

इस सफल कार्रवाई में मनोहरपुर थानाधिकारी सुरेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल सुभाष, कांस्टेबल रमेश, सुरज्ञान, राजेंद्र और रोहिताश की मुख्य भूमिका रही।

# जयपुर में 5 नई लैंड पूलिंग योजनाओं का प्रस्ताव, सुनियोजित विकास को मिलेगी रफ्तार




जयपुर (रॉयल पत्रिका)। जयपुर विकास आयुक्त सिद्धार्थ महाजन की अध्यक्षता में सोमवार को जेडीए के चिंतन सभागार में लैंड पूलिंग योजनाओं को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जयपुर के सुनियोजित एवं संतुलित नगरीय विकास को गति देने के उद्देश्य से पाँच नई लैंड पूलिंग योजनाएँ प्रस्तावित की गईं। बैठक में जोन-14 में महल रोड क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रामचन्द्रपुरा, विधाणी, रामपुरा उर्फ कंवरपुरा, जयचंदपुरा एवं विमलपुरा (तहसील सांगानेर) में लगभग 350 हैक्टेयर क्षेत्र में दो लैंड पूलिंग योजनाओं का प्रस्ताव रखा गया। इसके अतिरिक्त जोन-8 में सांगानेर, जोन-10 में बस्सी तथा जोन-12 में कालवाड़ क्षेत्र में एक-एक लैंड पूलिंग योजना प्रस्तावित की गई है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा राज्य बजट में प्रदेशभर में 20 नई लैंड पूलिंग योजनाएँ प्रारंभ करने की घोषणा की जा चुकी है। इन योजनाओं के माध्यम से भविष्य में पार्क, सीवरेज लाइन, ड्रेनेज, जलापूर्ति, विद्युत व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, स्कूल एवं शैक्षणिक संस्थानों के लिए भूमि, कम्युनिटी सेंटर, हेल्थ सेंटर/डिस्पेंसरी तथा धार्मिक स्थलों सहित विभिन्न सार्वजनिक सुविधाओं का समुचित विकास किया जाएगा। लैंड पूलिंग योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जयपुर में सुनियोजित शहरी विकास को नई गति मिलेगी और नागरिकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएँ उपलब्ध हो सकेंगी।

# रोजा एक ट्रेनिंग केम्प हैं - अब्दुल सलाम जौहर



मनोहरपुर (रॉयल पत्रिका)। अब्दुल सलाम जौहर (संयोजक मुस्लिम प्रोग्रेसिव फ़ेडरेशन राजस्थान) ने कहा कि रोजा तन के साथ मन को भी सुंदर बनाता हैं क्योंकि रोजा एक ट्रेनिंग केम्प हैं यह शब्द अब्दुल सलाम जौहर ने रोजेदारों को संबोधित करते हुए कहे। जौहर ने कहा कि रोजा अनुशासन का पाठ पढ़ाता हैं उन्होंने रोजे से होने वाले लाभों के बारे में बताया कि।

**रोजा के दौरान होने वाले मेटाबॉलिक बदलाव:-**

1. ग्लूकोज की आपूर्ति कम हो जाती है: जिससे लुकोज का उपयोग कम होता है।
2. केटोसिस: जब शरीर को पर्याप्त ग्लूकोज नहीं मिलता, तो शरीर की ऊर्जा के लिए उपवास करना करता है, जिससे केटोसिस बनते हैं।
3. वसा जलना: रोजा के दौरान शरीर वसा को जलाने लगता है, जिससे वजन कम करने में मदद मिल सकती है।
4. मेटाबॉलिक दर: रोजा के दौरान शरीर की मेटाबॉलिक दर धीमी हो सकती है।

**रोजा के मेटाबॉलिक लाभ:-**

1. इंसुलिन संवेदनशीलता: रोजा इंसुलिन संवेदनशीलता बढ़ाने में मदद कर सकता है।
2. ऑक्सीडेटिव तनाव कम: रोजा रखने से शरीर में ऑक्सीडेटिव तनाव कम हो सकता है।
3. मानसिक स्वास्थ्य: रोजा से मानसिक चित्ता में सुधार होता है।

जौहर के अनुसार, रोजा रखने के लिए सेहरी और इफ्तारी में संतुलित और पौष्टिक भोजन लिया जाना चाहिए।

# नगरीय विकास कर बकाया होने पर विभिन्न जोनों में 15 सम्पत्तियों को किया कुर्क




जयपुर (रॉयल पत्रिका)। नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देशानुसार जोन स्तर पर बकाया नगरीय विकास कर वसूलने की कार्रवाई मिषन मोड पर है। सोमवार को विभिन्न जोनों में कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान 15 सम्पत्तियों पर नगरीय विकास कर बकाया होने पर कुर्क की कार्रवाई की गई जिसमें 04 सम्पत्तिधारकों द्वारा 17 लाख 10 हजार 137 रूपये की राशि मौके पर ही जमा करवाया गई। जगतपुरा/झालाना जोन में 3 सम्पत्तियों पर कुर्की की कार्रवाई की गई। उपायुक्त डॉ. रवि गोयल ने बताया कि सांगानेर जोन में 6 सम्पत्तियों पर कुर्की की कार्रवाई की गई। 1. नूर अहमद (पिंकी सिटी गार्डन) तरूछाया नगर टोंक रोड़ की बकाया राषि 16 लाख 54 हजार 204 रूपये, 2. बोम्बे गार्डन तारों की कूंट टोंक रोड़ की बकाया राषि 10 लाख 55 हजार 866 रूपये, 3. रामजी लाल श्रीराम कॉलोनी, टोंक रोड़ बकाया राषि 15 लाख 65 हजार 901 रूपये, 4. सावित्री शर्मा प्लाट नं. 1 व 2 सावित्री विहार प्रताप नगर बकाया राषि 9 लाख 21 हजार 467 रूपये, 5. नाकोडा भैरव बिल्डिर्स प्रा0 लि0 प्रताप नगर टोंक रोड़ बकाया राषि 34 लाख 51 हजार 324 रूपये, 6. राखी अग्रवाल (आषीष एन्टरप्राईजेज) बावडी का बास नगर निगम रोड़ बकाया राषि 7 लाख 69 हजार 328 रूपये कुर्की की कार्रवाई की गई। कुर्की उपरान्त राखी अग्रवाल (आषीष एन्टरप्राईजेज) ने छूट के साथ नगरीय विकास कर की राषि 4 लाख 21 हजार 955 रूपये निगम कोष में जमा करवा दी गई एवं सम्पत्ति को कुर्क मुक्त कर दिया गया है शेष 5 सम्पत्तियों कुर्क की गई है। उपायुक्त मुरलीपुरा जोन पवन कुमार शर्मा ने बताया कि मुरलीपुरा जोन में 6 सम्पत्तियों पर कुर्की की कार्रवाई की गई। मंगलम विहार सनसिटी बकाया राषि 42 लाख 38 हजार 898 रूपये, श्री जय श्री स्टील बालाजी विहार के सामने षिव मन्दिर मुरलीपुरा बकाया राषि 5 लाख 20 हजार 970 रूपये, श्रीमती माया शर्मा खसरा नं. 550/2 झांझरियों की ढाणी, उन्नती टावर बकाया राषि 5 लाख 38 हजार 603 रूपये, पूजा गारमेन्टस 117 करणी विहार कॉलोनी रोड़ नं. 17 बकाया राषि 16 लाख 70 हजार 851 रूपये, दिनेष सैनी (श्री ओम स्वीट्स रेस्टोरेन्ट) 166/182 राम नगर कच्ची बस्ती, राम मन्दिर बकाया राषि 4 लाख 26 हजार 285 रूपये, नारायणदास ई-32 मुरलीपुरा स्कीम रोड़ बकाया राषि 3 लाख 14 हजार 308 रूपये कुर्की की कार्रवाई की गई। पूजा गारमेन्टस 117 करणी विहार कॉलोनी रोड़ नं. 17 सम्पत्तिधारक के द्वारा मौके पर चैक के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा देय ब्याज/पेनल्टी का लाभ लेकर बकाया राषि 8 लाख 85 हजार 019 रूपये जमा कराई गई। दिनेष सैनी (श्री ओम स्वीट्स रेस्टोरेन्ट) 166/182 राम नगर कच्ची बस्ती, राम मन्दिर सम्पत्तिधारक के द्वारा मौके पर चैक के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा देय ब्याज/पेनल्टी का लाभ लेकर बकाया राषि 2 लाख 25 हजार 795 रूपये जमा कराई गई। श्री नारायणदास ई-32 मुरलीपुरा स्कीम रोड़ सम्पत्तिधारक के द्वारा मौके पर चैक के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा देय ब्याज/पेनल्टी का लाभ लेकर बकाया राषि 1 लाख 77 हजार 368 रूपये जमा कराई गई।

## विशेष निरोधात्मक अभियान:

# अवैध मदिरा पर कार्रवाई - वॉश नष्ट, हथकड़ शराब जब्त



जयपुर (रॉयल पत्रिका)।आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते के निर्देशानुसार प्रदेश में अन्य राज्य की शराब की तस्करी, अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोकथाम के लिए 16 से 31 मार्च तक चलाए गए विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत आबकारी निरोधक दलों द्वारा गश्त, नाकाबंदी एवं दबिश की कार्रवाई करते हुए हजारों लीटर वॉश, भट्टियां नष्ट करते हुए अवैध मदिरा को जब्त किया।

आबकारी आयुक्त नकाते के निर्देशानुसार अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रदीप सिंह सांगावत एवं अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रशासन अनिल कुमार शर्मा के सुपरविजन में प्रदेश में विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत जीरो टोलरेंस की नीति अपनाते हुए अन्य राज्य की शराब की तस्करी, अवैध मदिरा के परिवहन व विक्रय पर आबकारी निरोधक टीमों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। करौली जिले में हिण्डौन सिटी के तहत तिघरिया में पड़त दुकान में अवैध रूप से देशी व अंग्रेजी शराब की बिक्री करने पर संचालक बिपेन्द्र एवं अनु के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। चुरू में आबकारी दल की निरोधक कार्रवाई के तहत 5 अभियोग दर्ज करते हुए एक मोटरसाईकिल से 75 पव्वे देशी मदिरा एवं 20 लीटर देशी हथकड़ शराब बरामद की गई। बांसवाड़ा जिले में बांसवाड़ा व कुशलगढ़ क्षेत्र गश्त व दबिश की कार्रवाई करते हुए 2400 लीटर वॉश नष्ट किया और 7 अभियोग दर्ज किए गए। इसी क्रम में जयपुर में सोमवार रात्रि नाकाबंदी के तहत हौंडा सिटी कार से 46 बीयर के केन (फोर सेल इन हरियाणा) को बरामद करते हुए मौके से अभियुक्त चालक को गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार प्रदेश में अन्य जिलों में भी आबकारी निरोधक दलों द्वारा नाकाबंदी, गश्त एवं दबिश की कार्रवाई कर अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर कार्रवाई की जा रही है।

## आवश्यक नम्बर

रॉयल पत्रिका

| | | | |
|---|---|---|---|
| **बिजली फॉल्ट के लिए** | | **पानी के लिए** | |
| टोल फ्री नंबर | 18001806507 | जलदाय कार्यालय | 2706624 |
| वॉट्सएप नंबर | 9414037085 | फायर ब्रिगेड | 2747400 |
| कस्टमर केयर | 2203000 | **मेडिकल इमरजेंसी के लिए** | |
| आईवीआरएस | 1912 | एंबुलेंस | 102/108 |
| **कचरा गाड़ी के लिए** | | एसएमएस इमरजेंसी | 2518333 |
| ग्रेटर | 2747400 | महिला चिकित्सालय | 22610616 |
| सीवरेज लीकेज | 2607500 | जनाना हॉस्पिटल | 22378721 |
| हेरिटेज | 2607500 | SDMH | 22574189 |
| टोल फ्री नंबर | 14420 | SMS ब्लड बैंक | 22518222 |
| **पुलिस की मदद के लिए** | | कल्याण ब्लड बैंक | 22721771 |
| साइबर क्राइम | 1930/2360094 | **घायल पशुओं के लिए** | |
| कंट्रोल रूम | 2388435/36/37/38 | नगर निगम | 2747400 |
| ट्रैफिक कंट्रोल रूम | 2565630 | बर्ड बाइक | 9887345580 |
| चाइल्ड हेल्पलाइन | 1098 | हेल्प इन सफरिंग | 8107299711 |
| महिला हेल्पलाइन | 1090 | जनमंच ट्रस्ट | 7230055800 |
| मुख्यमंत्री पोर्टल | 181 | पशु चिकित्सालय | 2747400 |

# विधायक राजेंद्र मीणा ने केसरा से पाखर तक ₹20 लाख व लोटवाड़ा में 80 लाख की सड़को का किया शिलान्यास

## -सड़क बनने से ग्रामीणों में खुशी की लहर

**शफीक अली**

महवा (रॉयल पत्रिका)। विधायक राजेंद्र मीणा ने मंगलवार को महवा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम केसरा में एक महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। यह सड़क केसरा चौराहे से पाखर तक ₹20 लाख की लागत से बनाई जाएगी, जिससे पूरे क्षेत्र के आवागमन में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में पंच-पटेल, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने इस सड़क को क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग बताते हुए विधायक राजेंद्र मीणा का आभार व्यक्त किया। लोगों का कहना है कि बरसात के समय इस मार्ग पर आवागमन बेहद कठिन हो जाता था, जिससे दैनिक जीवन और कृषि कार्य प्रभावित होते थे। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक का गर्भ जोशी के साथ स्वागत सत्कार किया। इस दौरान विधायक राजेंद्र मीणा ने अपने संबोधन में कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है और गांव-गांव तक बेहतर सड़क सुविधा पहुंचाना सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने आश्वासन दिया कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा कराया जाएगा। इस सड़क के निर्माण से न केवल केसरा



और पाखर के बीच संपर्क मजबूत होगा, बल्कि आसपास के गांवों को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा। व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंच आसान होगी, जिससे क्षेत्र की आर्थिक और सामाजिक स्थिति में भी सुधार आएगा। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह केसरा सरपंच यादराम मीणा, लुधियाना सरपंच घनश्याम गुर्जर देवी राम, विष्णु सिंह, माधौसिंह, पाखर सरपंच नवल मीणा, निहाल सिंह गुर्जर, निवह सिंह गुर्जर सहित कई जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। इसी प्रकार विधायक राजेंद्र मीणा ने मंगलवार को महुवा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत लोटवाड़ा में पंच-पटेल एवं समस्त ग्रामवासियों की गरिमामयी उपस्थिति में लगभग 80 लाख रुपए की लागत से बनने वाली महत्वपूर्ण सड़कों का विधिवत शिलान्यास किया। इस दौरान विधायक राजेंद्र मीणा ने कहा कि लोटवाड़ा से बड़ावास, राजीव गांधी पाठशाला से बड़ावास एवं हांडली चौराया से बड़ावास तक बनने वाली ये सड़कें क्षेत्र के विकास की दिशा में एक मजबूत कदम हैं। इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीणों को बेहतर, सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र के विकास को नई गति प्राप्त होगी। विधायक राजेंद्र मीणा ने कहा कि हमारा संकल्प है कि गांव, गरीब और किसान के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए क्षेत्र को निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाया जाए। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य पप्पू ब्रजमोहन मीणा, भामाशाह केदार मीणा, गांव के पंच पटेल सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण, पार्टी पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता बंधु एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# हजरत जिंदे शाह वली रहमतुल्लाह अलैह के उर्स 2026 की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित


बारां (रॉयल पत्रिका)। हजरत जिंदे शाह वली रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह लक्ष्मीपुरा की झोपड़ियां आँखेड़ा रोड, बाँरा मैं होने वाले आगामी उर्स 2026 के आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार 15 मार्च को आयोजित की गई बैठक में तमाम मेम्बरान वह तमाम हजरात ने शिरकत कर उर्स के सफल आयोजन को लेकर विचार विमर्श किया बैठक में सर्वसम्मति से रामचंद्र नागर को उर्स का सदर नियुक्त किया गया वही सरपरस्त के रूप में निसार भाई उर्फ भूरिया बाबा जेरे सरपरस्त के रूप में रईस बाबा को जिम्मेदारी सोपी गई। इसके अलावा सेकेट्री फिरोज खान मंसूरी, खजांची फईम पठान तथा नायब सदर शकील भाई, नायब




सेकेट्री नफीस भाई उर्फ शालू व नायब खजांची के रूप में असलम खान को नियुक्त किया गया उर्स कमेटी में सलाहकार के रूप में मो. बिंदु, साहिल अहमद, मोहम्मद तारिक, बंटी खान, शानू मोहम्मद, कालू को शामिल किया गया वहीं व्यवस्थापक के रूप में शेरू डीजे, बिट्, अब्दुल नईम, शादाब, रिजवान को जिम्मेदारी दी गई जबकि खादिम के रूप में जलील मंडोला को मनोनीत किया गया बैठक में उर्स के दौरान बेहतर व्यवस्थाओ जायरिन की सुविधाओं वह कार्यक्रम की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई उर्स का आयोजन 30 मई 2026 शनिवार को किया जाएगा कमेठी ने निर्णय लिया कि उर्स से पूर्व एक और बैठक आयोजित कर तैयारी को अंतिम रूप दिया जाएगा।

# अंतरराष्ट्रीय संसदीय मंच पर टोंक–सवाई माधोपुर का बढ़ा गौरव सांसद हरीश मीना भारत - नाइजीरिया संसदीय मैत्री समूह के सदस्य नामित

नई दिल्ली/सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। टोंक–सवाई माधोपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद हरीश चंद्र मीना को 18वीं लोकसभा की अवधि के लिए गठित भारत–नाइजीरिया संसदीय मैत्री समूह (India–Nigeria Parliamentary Friendship Group) का सदस्य नामित किया गया है। इस संबंध में लोकसभा सचिवालय, नई दिल्ली के सम्मेलन एवं प्रोटोकॉल प्रकोष्ठ द्वारा उन्हें आधिकारिक रूप से सूचित किया गया है। भारत–नाइजीरिया संसदीय मैत्री समूह का उद्देश्य दोनों देशों के बीच संवाद, सहयोग और मैत्रीपूर्ण संबंधों को सुदृढ़ करना है। इस



मंच के माध्यम से दोनों देशों के के बीच विचारों का आदान-प्रदान,संसदीय प्रतिनिधिमंडलों के दौरे तथा व्यापार, शिक्षा, संस्कृति और विभिन्न क्षेत्रों में विकास हेतु आपसी सहयोग को प्रोत्साहित किया जाता है। सांसद हरीश चन्द्र मीना का इस प्रतिष्ठित संसदीय समूह में सदस्य के रूप में नामित होना टोंक–सवाई माधोपुर संसदीय क्षेत्र के लिए गौरव और सम्मान का विषय है। उनके अनुभव और सक्रिय भूमिका से भारत और नाइजीरिया के बीच संसदीय कूटनीति को मजबूती मिलेगी और अंतरराष्ट्रीय संसदीय मंच पर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व और अधिक सशक्त होगा। इस अवसर पर सांसद ने बताया कि वे इस महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ करते हुए भारत और नाइजीरिया के बीच मित्रता, सहयोग और संसदीय संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने के लिए कार्य करेंगे।

# 6 वर्षीय नन्ही बच्ची अमायरा राईन ने रखा पहला रोजा

कोटा (रॉयल पत्रिका)। रहमतों बरकतों ओर इबादतों का पाकीज़ा महीना रमजानुल मुबारक के पाक महीने में मजहब ए इस्लाम के मानने वाले तमाम लोग रोजा रख कर इबादतों में मशगूल है। रमजान के मुबारक मौके पर बुजुर्ग, नोजवान, महिला, पुरुष रोजा रख रहे हैं वहीं नन्हे बच्चे भी रोज़ा रखकर इबादत में मशगूल है। रमजान के आखरी अशरे में मंगलवार को सामाजिक कार्यकर्ता जोनी राईन की 6 वर्षीय बेटी अमायरा राईन ने सुबह सेहरी करके अपना पहला रोजा रखा। दिन भर परिवार के साथ इबादत



में मशगूल रहा। शाम को मगरिब की अज़ान के साथ रोजा अफ्तार किया। परिवार के बाकी लोगों को रोज़े रखते देखकर छोटे बच्चे भी रोज़े रखकर इबादत में मशगूल रहते हैं।

# गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों के विरोध में कांग्रेस का धरना, प्रदर्शन सौंपा ज्ञापन

## -केन्द्र व राज्य सरकार के खिलाफ जमकर की गई नारेबाजी

लाड़नूं (रॉयल पत्रिका)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार डीडवाना कुचामन के कांग्रेस जिलाध्यक्ष जाकिर हुसैन गेसावत के आदेशानुसार ब्लाक कांग्रेस कमेटी लाडनूं के नेतृत्व में गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों, सप्लाई में देरी और कालाबाजारी के विरोध में केंद्र सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया गया। धरने को संबोधित करते हुए ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष जयराम बुरड़क ने कहा कि घरेलू और व्यावसायिक गैस सिलेंडर की लगातार बढ़ती कीमतों ने आम जनता और छोटे व्यापारियों की परेशानी बढ़ा दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि हाल ही में मोदी सरकार ने अमेरिका और डोनाल्ड ट्रंप के दबाव में जो समझौते किए हैं, उसके परिणाम अब सामने आ रहे हैं। कांग्रेस नेता एवं वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता मो० मुश्ताक खान कायमखानी ने बीजेपी सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने जल्द ही महंगाई पर लगाम नहीं लगाई तो कांग्रेस आंदोलन को और तेज




करेगी। यदि सरकार ने बढ़ी हुई गैस कीमतों को वापस नहीं लिया तो कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक आमजन की लड़ाई लड़ेगी।

सर्वसमाज और जनहित में हमारी मांगे:- 1 महंगाई कम करो, 2 गैस सिलेंडर की बढ़ाई गई किमतो को वापस लिया जाए, 3 गैस सिलेंडर की उपलब्धि नियमित और सुंचारु कि जाए, 4 खाडी देशों में ईरान, इजरायल और अमेरिका के आपसी युद्ध मे फसे भारतीयों की सुरक्षा की गारंटी दी जाए, 5 सामाजिक कार्यों के लिए गैस सिलेंडर की व्यवस्था कि जाए। विरोध प्रदर्शन व नारेबाजी एंव धरने के बाद प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन तहसीलदार अनिरूद्ध देव पांडेय को सौंपा गया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि सुरजाराम जी भाकर, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष जयराम बुरड़क, प्रधान हनुमानाराम कासनीया, मो० मुश्ताक खान कायमखानी, अयुब खां मोयल, नगर पालिका उपाध्यक्ष मुकेश खिंची, पार्षद मोहम्मद मुनसब खां, भागीरथ राम, इरफान, शाहिद, अमजद, रामनारायण पुनिया, रामनिवास सहित कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौके पर उपस्थित रहे।

# अपहरण व फिरौती कांड का खुलासा: महवा पुलिस ने 2 मुख्य आरोपी दबोचे, कार व मोबाइल बरामद

**शफीक अली**

महवा (रॉयल पत्रिका)। महवा दौसा जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा (IPS) के निर्देशन में महुवा थाना पुलिस ने अपहरण कर फिरौती मांगने के मामले में कार्रवाई करते हुए मामले के दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक स्विफ्ट डिजायर कार एवं परिवादी से छीने गए दो एंड्रॉयड मोबाइल बरामद किए हैं। महुवा थाना अधिकारी राजेंद्र मीणा ने बताया कि, 1 मई 2025 को हिंगोटा निवासी पिंटू सिंह राजपूत ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका अपहरण कर मारपीट की गई तथा मोबाइल, मोटरसाइकिल व नकदी




छीनकर फिरौती मांगी गई। इस पर थाना महुवा में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान महुवा थाने की पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी रोशनलाल को 13 मार्च 2026 तथा सतीश को 14 मार्च 2026 को गिरफ्तार किया। मामले में शामिल तीन अन्य आरोपी—विष्णु कुमार, विनोद कुमार एवं अर्जुन मीना—को पूर्व में ही गिरफ्तार कर लिया गया था तथा छीनी गई मोटरसाइकिल भी बरामद की जा चुकी है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी रोशनलाल के विरुद्ध पूर्व में मारपीट का एक मामला दर्ज है, जबकि सतीश के खिलाफ धोखाधड़ी व मारपीट के दो प्रकरण दर्ज हैं। यह कार्रवाई वृत्ताधिकारी महुवा मनोहरलाल मीना के सुपरविजन एवं महुवा थानाधिकारी राजेन्द्र कुमार मीना के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है तथा प्रकरण में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# नन्हे मुस्तुफा ने रखा पहला रोजा

बारां (रॉयल पत्रिका) । रहमतों बरकतों ओर इबादतों का पाकीज़ा महीना रमजानुल मुबारक के पाक महीने में मजहब ए इस्लाम के मानने वाले तमाम लोग रोजा रख कर इबादतों में मशगूल है। रमजान के मुबारक मौके पर बुजुर्ग, नोजवान, महिला, पुरुष रोजा रख रहे हैं वहीं नन्हे बच्चे भी रोज़ा रखकर इबादत में मशगूल है। रमजान के आखरी अशरे में रविवार को शहर के मेला ग्राउंड निवासी मारूफ लाला के 8 वर्षीय बेटे मुस्तुफा ने सुबह सेहरी करके रोजा रखा। दिन भर परिवार के साथ इबादत में मशगूल रहा। शाम



को मगरिब की अज़ान के साथ रोजा अफ्तार किया। परिवार के बाकी लोगों को रोज़े रखते देखकर छोटे बच्चे भी रोज़े रखकर इबादत में मशगूल रहते हैं।

# पुलिस और मीडिया के बेहतर समन्वय से साकार हो रहा 'अपराधियों में डर, आमजन में विश्वास' का ध्येय - यादव

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर पुलिस अधीक्षक जय यादव का उनकी उत्कृष्ट सेवाओं व डीआईजी पद पर पदोन्नति होने पर मंगलवार को मीडियार्मियों ने सूचना केन्द्र में आयोजित एक कार्यक्रम में अभिनंदन किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक जय यादव ने कहा है कि जिले में पुलिस और मीडिया के बेहतर समन्वय से 'अपराधियों में डर, आमजन में विश्वास' का ध्येय साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस और मीडिया दोनों ही समाज के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। दोनों के सकारात्मक सहयोग से न केवल अपराधों पर अंकुश लगाया जा सकता है, बल्कि आमजन में सुरक्षा की भावना भी मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि मीडिया की रचनात्मक भूमिका पुलिस के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने में अहम है। इस दौरान मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ एमएम पुकार, डीवाईएसपी सुनील झाझड़िया, एपीआरओ मनीष कुमार, मनोज शर्मा, किशन उपाध्याय, राजेन्द्र



शेखावत सहित वक्ताओं ने जय यादव की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में जिले में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ हुई है और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। इससे आमजन में विश्वास बढ़ा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार नरेन्द्र शर्मा ने कहा कि पुलिस व मीडिया समाज में सुरक्षा व सकारात्मक दृष्टिकोण को सार्थक करते हैं। मीडिया व पुलिस के समन्वय से विभिन्न अवांछित गतिविधियों पर नकेल कसी जाती है, जिससे समाज में शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास को सुदृढ़ किया जाता है। इस अवसर पर उपस्थित मीडियाकर्मियों ने पुलिस अधीक्षक जय यादव का उत्कृष्ट सेवाओं और सराहनीय कार्यशैली के लिए प्रतीक चिन्ह भेंट कर व शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया और पदोन्नति की बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान अशोक कुमार, फरियाद खान, मंगेज सिंह सहित मीडियाकर्मी मौजूद रहे। संचालन कुंजबिहारी बीरमीवाला ने किया।

# आथुना मोहल्ला के युवाओं ने की अनूठी पहल माहे रमजान में इमाम को तोहफे में दि स्कूटी

## -मदीना मस्जिद के इमाम हाफिज अब्बास को नजराना-ए-तोहफा दिया

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर आथुना मोहल्ला स्थित मदीना मस्जिद के इमाम हाफिज अब्बास साहब को माहे रमजान में युवा पीढ़ी द्वारा मस्जिद में कई वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे । हाफिज अब्बास साहब को तोहफे के रूप में जिसे नजराना भी कहते हैं एक व्हीकल स्कूटी देकर सम्मान किया ताकि आपको आने-जाने में कोई दुश्वरी ना हो जिस दौर में मुस्लिम युवा दीन से भटक रहा है। आज उसी दौर में यह तस्वीर चूरू शहर के आथुना मोहल्ला से



आरही है जो दिल को सुकून देती हैं। आथुना मोहल्लावासियों और युवा साथियो ने मदीना मस्जिद के इमाम मौलाना अब्बास साहब को स्कूटी भेंट कर एक अनूठी मिसाल पेश की है।मौलाना अब्बास साहब साईकल पर मोहल्ले वासियो को इमामत करवाने आते है। आप मदरसा सैयदना तौकीर उलूम मैं शिक्षक के रूप में लगभग 30 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। और मदीना मस्जिद में इमामत करते हैं। बेहद ही संजीदा इंसान है। आपकी तारीफ की जाए उतनी ही कम है। आपकी सेवाओं को मध्य नजर रखते हुए। आपको यह तोहफा-ए-नजराना दिया गया।

# मोहल्ला ईदगाह में मोहम्मदी मस्जिद की ओर से मदरसा तालिमुल कुरआन में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय के वार्ड नं. 58 एवं 59 में स्थित मोहम्मदी मस्जिद की ओर से मदरसा तालिमुल कुरआन में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वसमाज के गणमान्य लोगों ने भाग लिया तथा दावत-ए-इफ्तार के साथ ही देश में अमन चैन सकून भाईचारा व देश की तरक्की उन्नति खुशहाली की दुआ की गई। इस अवसर पर अब्दुल सत्तार खोखर, खालिद कुरैशी, मुस्ताक सिसोदिया, दाऊद धीरवासियां, अब्दुल्ला जिन्द्राण, यासिर जिन्द्राण, इमरान खोखर एआर, इमरान धीरवासियां,



फहीम धरवासियां, मुस्ताक कुरैशी, मुर्तजा कुरैशी, गफ्फार कुरैशी, मुस्तकीम कुरैशी सहित बड़ी संख्या में मोहल्ला ईदगाह के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# ईदुलफितर के त्यौहार पर अदा की जाने वाली नमाज के दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। जिला मजिस्ट्रेट काना राम ने एक आदेश जारी कर जिले में 21 मार्च को ईदुलफितर (चांद से) के त्यौहार के अवसर पर अदा की जाने वाली नमाज के दौरान कार्यपालक मजिस्ट्रेट को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। जिला मजिस्ट्रेट के आदेश अनुसार उपखण्ड मजिस्ट्रेट सवाई माधोपुर को सामान्य चिकित्सालय के पीछे ईदगाह पर, उपखण्ड मजिस्ट्रेट खण्डार को कस्बा खण्डार, उपखण्ड मजिस्ट्रेट मलारना डूंगर को मलारना डूंगर, उपखण्ड मजिस्ट्रेट बौंली को कस्बा बौंली, उप जिला मजिस्ट्रेट गंगापुर सिटी को गंगापुर सिटी ईदगाह पर, उप जिला मजिस्ट्रेट बामनवास को कस्बा बामनवास, उप जिला मजिस्ट्रेट वजीरपुर को कस्बा वजीरपुर, उपखण्ड मजिस्ट्रेट चौथ का बरवाड़ा को कस्बा चौथ का बरवाड़ा, तहसीलदार चौथ का बरवाड़ा को ईसरदा, शिवाड़, सारसोप के लिए, तहसीलदार सवाई माधोपुर को शेरपुर खिलचीपुर, तहसीलदार खण्डार को छाण, जैतपुर, तहसीलदार मलारना डूंगर को मलारना चौड़, बहतेड़, पीलवा, शेषा के लिए, तहसीलदार बौंली को खिरनी, पीपलवाड़ा, पीपलदा, तहसीलदार बामनवास को बैरखण्ड़ी, पीपलाई, बाटोदा, लिवाली के लिए, विकास अधिकारी सवाई माधोपुर को सूरवाल, करमोदा, बजरिया जामा मस्जिद क्षेत्र के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। जिला मजिस्ट्रेट ने सभी उपखण्ड मजिस्ट्रेट को अपने अधीनस्थ तहसीलदार/नायब तहसीलदार के साथ अपने-अपने उपखण्ड क्षेत्र में साम्प्रदायिक सद्भाव, कानून एवं शांति व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए है। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित होने की सम्भावना पर सतर्क रहते हुए जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला पुलिस अधीक्षक को तत्काल सूचित करने के निर्देश प्रदान किए है।

**सूचना**

**समाचार पत्र में प्रकाशित लेखों में लेखक के अपने विचार हैं, इनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।**

# वक्फ बोर्ड चेयरमैन डॉ. खानू खान बुधवाली के बारां आगमन पर भव्य स्वागत



बारां (रॉयल पत्रिका) । राजस्थान बोर्ड ऑफ मुस्लिम वक्फस के चेयरमैन (राज्यमंत्री) डॉ. खानू खान बुधवाली रविवार को वक्फ कमेटी बारां द्वारा आयोजित रोजा अफ्तार कार्यक्रम में शिरकत करने बारां पहुंचे। कार्यक्रम के पश्चात पूर्व जिला वक्फ कमेटी चेयरमैन एवं जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष जाकिर मंसूरी के निजी आवास पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर जाकिर मंसूरी द्वारा डॉ. खानू खान बुधवाली का माला एवं शॉल पहनाकर तथा मुंह मीठा करवाकर सम्मान किया गया। उनके साथ पहुंचे अल्पसंख्यक कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष आबिद कागजी एवं कांग्रेस प्रदेश सचिव धर्मराज मेहरा का भी स्वागत किया गया। इस दौरान सेवादल के प्रदेश सचिव अशरफ देशवाली, बुलंद इकबाल छबड़ा, अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश कॉर्डिनेटर हाजी नासिर मिर्ज़ा, अल्पसंख्यक कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष शाहिद कुंडी, बूंदी जिला वक्फ कमेटी चेयरमैन इकरामुद्दीन बब्लू, छबड़ा वक्फ कमेटी चेयरमैन साजिद खान, नियाज़ मोहम्मद, कलाम स्टोन, अरशद इकबाल, इरफान खान अशरफी, पिंकू खान, मारूफ लाला सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# युवा नेत्री मेहनाज पटेल ने हाफ़िज़ों का सम्मान कर दिया मोहब्बत और भाईचारे का संदेश

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका) । माहे-रमज़ान के पाक और बरकत भरे महीने में 26वें रोजे पर शहर की सभी मस्जिदों में तरावीह की नमाज़ के दौरान हाफ़िज़-ए-क़ुरआन द्वारा क़ुरआन पाक की तिलावत पूरी की गई। इस मुबारक मौके पर युवा नेत्री मेहनाज पटेल की ओर से सवाई माधोपुर शहर स्थित अल अक्सा मस्जिद परिसर में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर शहर की सभी मस्जिदों के हाफिज-ए-क़ुरआन का दिल से इस्तकबाल, स्वागत और सम्मान किया गया जिन्होंने तरावीह की नमाज में क़ुरआन पाक मुकम्मल किया। कार्यक्रम में शहर के मुस्लिम वरिष्ठजन, समाजसेवी




तथा नौजवान कमेटी के सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे। युवा नेत्री मेहनाज पटेल ने बताया कि रमजान का महीना इबादत, रहमत और भाईचारे का पैगाम देता है। इसी भावना के साथ कार्यक्रम के दौरान मोहब्बत और आपसी सौहार्द का संदेश देते हुए सामूहिक दस्तरख़ान का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी लोगों ने बैठकर एक साथ रोजा इफ्तार किया। उन्होंने कहा कि उनके इस छोटे से बुलावे पर तशरीफ लाने वाले सभी अज़ीज़ों का वे दिल की गहराइयों से शुक्रगुज़ार हैं। साथ ही, उन्होंने राजबाग नौजवान कमेटी का तहेदिल से आभार व्यक्त किया, जिन्होंने बेहतरीन इंतज़ाम और मैनेजमेंट के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया। मेहनाज पटेल ने अल्लाह तआला से दुआ की कि वह हम सबको इसी तरह मोहब्बत, इत्तेहाद और खिदमत-ए-ख़ल्क की राह पर चलने की तौफीक अता फरमाए।

# रोजा इफ्तार ने दिया भाईचारे का संदेश

## -सैकड़ो की संख्या में रोजा इफ्तार किया झारिया परिवार द्वारा



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय नई सड़क, भरतीया कुंआ के पास वार्ड नम्बर 23 में झारियावाला परिवार द्वारा माहे रमज़ान मुबारक के 26वा रोज़ा इफ़्तार का आयोजन किया गया इस असवर पर मौलाना हारून ने दुवा करवाकर रोज़ा खुलवाया और कहा रोजे रखने और माहे रमज़ान की अहमियत के बारे में बताते हुए कहा दिन भर भूखे प्यासे रहने का मतलब रोजा रखना नहीं है,रोजेदार को हर बात का एहतराम करना होगा ।,आंखों से बुरा मत देखो ,कानो से ऐसी कोई बात मत सुनो और जुबा से ऐसे कोई अल्फ़ाज़ मत बोलो जो किसी को दिक्कत हो। इस माह में बुराईयों से बचो , गुनाओ से तौबा करो ओर अल्लाह की इबादत और पैगम्बर ए रसूल्लाह को याद करो। रोज़ा इफ़्तार में कोम काज़ियांन सदर संजय भाटी, कांग्रेस नेता जमील चौहान, कौम काजियाना पूर्व सदर ज़ाकिर झारियावाला, पार्षद इस्माइल भाटी, एं ई एन सुरेश शर्मा, रफीक बबलू चौहान, आरिफ़ रिसालदार, राजा पठान, मुबारक हुसैन, मोहम्मद तौफीक, मंजूर अली, अली अकबर सहित सैकड़ों रोजेदार शामिल हुए। आयोजन कमेटी के अरमान कुरैशी, कादिर हुसैन,आदिल, अज़ीज़, इक़बाल, याकिल,अयान मुग़ल, शरीफ,आबिद हुसैन आदि ने रोजेदारों का इस्तकबाल कर रोजा इफ़्तार करवाया। इस अवसर पर देश और प्रदेश में अमन चैन भाई चारा बना रहे की दुवाएं की ।

# माहे रमजान इबादत के साथ साथ इमदाद का भी महीना - कारी गुलाम रसूल सुलेमानी

**मोहम्मद अली पठान**

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर चमन बांस मस्जिद कुबा के इमाम कारी गुलाम रसूल सुलेमानी बीकानेरी ने माहे रमजान की मुबारकबाद देते हुए कहा कि यह महीना बरकत और इबादत का महीना है। और गरीबों और मुफलिसो की इमदाद का जरिया है। इस महीने में एक दूसरे की मदद करते हैं। रमजान का महीना तीन हिस्सों में बंटा होता है, जिन्हें 'अशरा' कहा जाता है। अरबी भाषा में अशरा का अर्थ 'दस' होता है। रमजान का तीसरा और आखिरी अशरा (21वें रोजे से शुरू होकर 29वें या 30वें रोजे तक) सबसे महत्वपूर्ण और आध्यात्मिक रूप से शक्तिशाली माना जाता है।इसे 'जहन्नम से आजादी' (निजात) का अशरा कहा जाता है. तीसरे अशरे की प्रमुख विशेषताएं:शब-ए-कद्र इसी अशरे की विषेश रातों (21वीं, 23वीं, 25वीं, 27वीं या 29वीं) में से कोई एक 'शब-ए-कद्र' होती है. यह रात एक हजार महीनों की इबादत से भी बेहतर मानी गई है. एतकाफ (Itikaf): इन आखिरी दस दिनों में बहुत से मुसलमान दुनियावी कामों को छोड़कर मस्जिद (पुरुष) या घरों के एकांत (महिलाएं) में रहकर अल्लाह की विशेष इबादत करते हैं, जिसे एतकाफ कहते हैं. ।जहन्नम से मुक्तिः इस्लामिक मान्यताओं के अनुसार, इस अशरे में अल्लाह अपने बंदों की तौबा कबूल फरमाता है और उन्हें जहन्नम (नरक) की आग से महफूज करता





है.तीसरे अशरे की खास दुआः "अल्लाहुम्मा अजिरनी मिनन नार" (ऐ अल्लाह, मुझे जहन्नम की आग से बचा ले). यह समय आत्म-चिंतन, गहन इबादत और गरीबों की मदद करने (जैसे फितरा देना) के लिए सबसे उत्तम है, ताकि रमजान के समापन तक पूर्ण पवित्रता प्राप्त की जा सके माहे रमजान इस्लाम का सबसे पवित्र महीना है, जो बरकत, रहमत और मगफिरत (माफी) का पैगाम लाता है। इस महीने में दुनिया भर के मुसलमान रोज़ा (उपवास) रखते हैं, जो इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक है। रमजान केवल भूख-प्यास सहने का नाम नहीं है, बल्कि यह अपनी आत्मा की शुद्धि और अल्लाह के करीब आने का समय है। इस माह में इबादत का महत्व कई गुना बढ़ जाता है। रोज़े के साथ-साथ नमाज़, तिलावते कुरआन (कुरान पढ़ना) और रात की विशेष नमाज़ तरावीह अदा की जाती है। रमजान की आखिरी 10 रातों में शब-ए-कद्र की तलाश की जाती है, जो हज़ार महीनों से बेहतर मानी जाती है। इबादत के साथ-साथ गरीबों को ज़कात और सदका देना भी इस महीने की अहमियत का हिस्सा है, जिससे समाज में भाईचारा और मानवता का संदेश फैलता है। यह महीना हमें सब्र, अनुशासन और नेक राह पर चलने की सीख देता।

# शब-ए-कद्र को चला रात भर इबादत का दोर शहर के मुस्लिम मोहल्ले में रही रौनक

**मोहम्मद अली पठान**



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर शहर की सभी मस्जिदों में सजावट की गई और रात भर चला इबादत का दौरा मुस्लिम मोहल्लो में रही रौनक सुबह सभी पहुंचे कब्रिस्तान अपने बड़े बूढ़ो की मजारों पर फातीहा पढ़ी एवं मगफिरत की दुआएं मांगी। शब-ए-बारात इस्लाम धर्म की एक अत्यंत महत्वपूर्ण और पवित्र रात है, जिसे 'माफी की रात' या 'मगफिरत की रात' के रूप में जाना जाता है। यह इस्लामी कैलेंडर के आठवें महीने शाबान की 15वीं रात को मनाई जाती है। इस रात की अहमियत के मुख्य पहलू निम्नलिखित हैं: गुनाहों की माफीः मान्यता है कि इस मुबारक रात अल्लाह अपने बंदों के लिए रहमत के दरवाजे खोल देता है और सच्चे दिल से तौबा करने वालों के गुनाह माफ कर देता है। तकदीर का फैसलाः माना जाता है कि इसी रात आने वाले साल के लिए हर इंसान के भाग्य, रिज़्क (आजीविका), जन्म और मृत्यु का लेखा-जोखा तय किया जाता है। इबादत और दुआ: मुसलमान इस पूरी रात जागकर नफ़्ल नमाज़ें पढ़ते हैं, कुरान की तिलावत करते हैं और अल्लाह से अपनी व अपनों की सलामती की दुआ मांगते हैं।पूर्वजों की यादः में लोग कब्रिस्तान जाकर अपने दिवंगत पूर्वजों की कब्रों पर फातिहा पढ़ते हैं और उनके लिए मगफिरत (मोक्ष) की दुआ करते हैं। सखावत (दान): इस रात गरीबों और जरूरतमंदों को दान-पुण्य करना और हलवा या अन्य पकवान बांटना भी एक प्रचलित परंपरा है। सभी मस्जिदों में आलिमो ने तकरीर में माहे रमजान और शब-ए-कद्र की अहमियत पर रोशनी डाली। और इबादत कर दुआएं की।

# सृजन की सुरक्षा इको फेमिनिज्म के तहत हुआ वृक्षारोपण एवं ग्रीन कार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार पर्यावरण को संरक्षित व पोषित किए जाने की दिशा मे कार्य करते हुए तथा महिलाओं को सशक्त बनाने, बालिकाओं को आगे बढाने व उनके प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम हेतु रालसा वन व बालिका वर्ष 2025 के तहत सृजन की सुरक्षा (ईको-फेमिनिज्म) के लिए योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु समीक्षा गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर की अध्यक्षता में मंगलवार को राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय, गणेशधाम खिलचीपुर में नवजात बालिकाओं के जन्म पर वृक्षारोपण एवं हरित बालिकाओं को ग्रीन कार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान समीक्षा गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर, उपस्थित विभागीय अधिकारीगण, नव प्रसूताओ, विद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों, ग्रामवासियों, पैनल अधिवक्ताओ एवं अधिकार मित्रों द्वारा पौधे लगाएं गए। समीक्षा गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर ने बताया कि रालसा वन व बालिका वर्ष 2025, सृजन की सुरक्षा (ईको-फेमिनिज्म) के लिए योजना के तहत जिलें में खिलचीपुर ग्राम पंचायत का चयन किया है। चयनित ग्राम पंचायत में जिला



विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा ग्राम पंचायत एवं वन विभाग के सहयोग से प्रत्येक बालिका के जन्म पर न्यूनतम 11 पौधे लगाना निश्चित किया गया है। जिसमें नवजात बालिका के परिवार एवं स्थानीय महिला समूहों के माध्यम से पौधों की देखभाल की जावेगी। समीक्षा गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर द्वारा ग्राम खिलचीपुर में जन्म लेने वाली प्रत्येक नवजात बालिका को एक विशिष्ट पहचान पत्र प्रदान किया गया। यह कार्ड बालिका को पर्यावरण संरक्षण से जोडते हुए बालिका को विधिक सेवा योजनाओं एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं, चिकित्सा व स्वास्थ्य सुविधाएं, शैक्षणिक अवसर का लाभ, सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम, विधिक सलाह व सहायता तक पहुँच को सुगम बनाएगा। साथ ही इस दौरान नव प्रसूताओं को पोषाहार वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त उपवन संरक्षक सामाजिक वानिकी मनीषा शर्मा ने उपस्थित विद्यार्थियो, विद्यालय स्टाफ एवं आमजन को पौधारोपण के महत्व, पेड-पौधों से होने वाले लाभों आदि के बारे में जानकारी प्रदान की गई, साथ ही उन्हें लिंग आधारित भेदभाव न करने, बेटों की तरह बेटियों को भी समान अवसर प्रदान करने एवं बेटियों के जन्म को उत्सव की तरह मनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी नवल किशोर मीना, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक सरोज शर्मा, स्थानीय सरपंच राजेंद्र माली, स्थानीय ग्राम विकास अधिकारी जयपाल मीना, प्रधानाचार्य राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय गणेश धाम खिलचीपुर भगवत दाधीच, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल अक्षय राजावत, पैनल अधिवक्ता तपेश जैन, नंदकिशोर बैरवा, अभय कुमार गुप्ता, चिरंजी लाल बैरवा, गोविंद प्रसाद शर्मा, अधिकार मित्र मुकेश कुमार शर्मा, धनराज मीना, गिर्राज रैगर, मगनलाल मीणा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी आदि उपस्थित रहें।

# सरस्वती बहू- दिव्यांग शिक्षण संस्थान बींझबायला के शिक्षार्थियों का तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण

**विनोद सोखल**



श्रीगंगानगर/बींझबायला (रॉयल पत्रिका)। सरस्वती बहु- दिव्यांग शिक्षण संस्थान बींझबायला के शिक्षार्थियों के तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण को अनिल खालिया, श्रीमती प्रमिला जाखड़, सुश्री चरणजीत कौर, अश्विनी पूनिया, भीम (PTI) श्रीमती रेणु बाला और सुश्री मिलन के नेतृत्व में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया यह भ्रमण पंजाब राज्य के ऑल इंडिया पिंगलवाड़ा चैरिटेबल ट्रस्ट अमृतसर श्री मुक्तसर साहिब श्री तरण तारण साहिब और अन्य ऐतिहासिक स्थलों पर केंद्रित है जिसका उद्देश्य शिक्षार्थियों को किताबी ज्ञान से परे व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है भ्रमण के दौरान शिक्षार्थी ऑल इंडिया पिंगलवाड़ा चैरिटेबल ट्रस्ट, अमृतसर, अटारी बॉर्डर (अमृतसर) हरमंदिर साहिब गुरुद्वारा, मुक्तसर गुरुद्वारा साहिब, तरन तारन, सुपर थर्मल पावर स्टेशन बठिंडा, किला मुबारक, दमदमा साहिब मेंसर खाना मंदिर, टीला बाबा फरीद जी, चेतक पार्क बठिंडा का दौरा करेंगे। इसमें से अमृतसर में बने ऑल इंडिया पिंगलवाड़ा चैरिटेबल ट्रस्ट जो की एक दिव्यांग विद्यार्थियों का इंस्टिट्यूट है वहां पर विशेष शिक्षा से जुड़े नवीनतम तथ्यो की जानकारी मिलेगी महाविद्यालय के प्रबंधक अनिल खालिया ने इस भ्रमण पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह शैक्षणिक यात्रा शिक्षार्थियों के लिए एक सुनहरा अवसर है जहां वे सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक रूप से समझ सकेंगे ऐसे भ्रमण न केवल उनकी जिज्ञासा बढ़ाते हैं बल्कि उन्हें भविष्य में विशेष शिक्षक बनने के लिए प्रेरित करते हैं हमारा प्रयास है कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को भी शहरी संस्थाओं के बराबर अवसर मिले यह भ्रमण शिक्षार्थियों को विशेष शिक्षा के प्रमुख केंद्र से जोड़कर उनकी दृष्टि को व्यापक बनाएगा हम उम्मीद करते हैं कि इससे शिक्षार्थियों में नवाचार की भावना जागृत होगी यह भ्रमण महाविद्यालय की ओर से शिक्षार्थियों के समग्र विकास के लिए आयोजित किया गया है जो शिक्षा के क्षेत्र में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है विद्यार्थियों के दल की सुरक्षित वापसी की कामना करते हुए महाविद्यालय परिवार ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

# सरकेल परिवार द्वारा हाशमी मस्जिद में रोजा इफ्तार की दावत में देश-प्रदेश के लिए अमन चैन की दुआएं की



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर कृषि उपज मंडी के पीछे मस्जिद अल-हाशमी में मरहूम शौकत खा सरकेल के परिवार द्वारा रोजा इफ्तार की दावत रखी गई जिसमें काफी संख्या में रोजेदारों ने शिरकत की ओर देश और प्रदेश के लिए अमन-चैन की दुआएं की, रमज़ान के पवित्र महीने में रोज़ा इफ्तार सूर्यास्त के समय रोज़ा खोलने की एक अत्यंत महत्वपूर्ण और खुशी की रस्म है। दिनभर भूखे-प्यासे रहने के बाद, मुसलमान मगरिब की अजान की आवाज के साथ ही रोजेदार खजूर, पानी और स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ इफ्तार करते हैं। इफ्तार से पहले दुआ पढ़ना और सामूहिक रूप से रोजा खोलने भाईचारे को बढ़ाता है। इफ्तार का समय मग़रिब की अज़ान (सूर्यास्त) के साथ शुरू होता है। पैगंबर मुहम्मद साहब के अनुसार, रोज़ा खजूर या पानी से खोलना सुन्नत है। रोजा इफ्तार की दुआ: मस्ज़िद अल-हाशिमी के इमाम मौलाना कुर्बान साहब ने पढ़ाई "अल्लाहुम्मा इन्नी लाका सुमतु व बिका आमन्तु व अलैका तवक्कलतु व अला रिज़्किका आफतारतु" (हे अल्लाह, मैंने तेरे लिए रोज़ा रखा और तेरे रिज़्क से इफ्तार किया) रोजा इफ्तार में आदिल खान, साजिद खान, गुलाम नबी खा चायल, हाजी इब्राहिम खान, हाजी अनवर तुगलक, अब्बास खान, हाजी मोहम्मद हुसैन, तौफीक खान पार्षद, शेर मोहम्मद, निजामुद्दीन खान, अयूब खा गोड, मोहम्मद अली खान, गजल भाटी आदि ने शिरकत की रोजा इफ्तार सदभावना भाईचाराः का संदेश देता हैं । जिससे समुदाय में एकता और करुणा की भावना मजबूत होती है। इफ्तार सिर्फ भोजन नहीं, बल्कि अल्लाह के करीब आने और रोज़े की इबादत को मुकम्मल करने का एक अनमोल अवसर है। इफ्तार में सैकड़ो की संख्या में लोगों ने रोजा इफ्तार किया ।और नमाज अदा की देश विदेश के लिए अमन-चैन-शांति की दुआए की। साजिद खान एवं आदिल खान ने मेहमान नवाजी की।

# शेयर बाजार 17 मार्चः सेंसेक्स-निफ्टी में उतार-चढ़ाव के बीच हल्की बढ़त

नई दिल्ली (एजेंसी)। मंगलवार को शेयर बाजार की शुरुआत तेजी के साथ हुई, लेकिन जल्द ही उतार-चढ़ाव दिखा। सेंसेक्स शुरुआती बढ़त के बाद फिसला, जबकि निफ्टी भी दबाव में रहा। हालांकि, बाजार में रिकवरी बनी रही। एयरटेल, मारुति जैसे शेयर चढ़े, जबकि आईटी शेयरों में गिरावट देखने को मिली।

## पीएम किसान सम्मान निधि का नहीं आया अकाउंट में पैसा, कर सकते हैं चेक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त गुवाहाटी से ट्रांसफर कर दिया है। 9 करोड़ से अधिक किसानों खाते में केंद्र सरकार की तरफ से 18640 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए हैं। बहुत से ऐसे किसान भी हैं जिनको यह पैसा अभी तक ट्रांसफर नहीं हुआ है। आइए जानते हैं कि इसके पीछे की क्या वजह है घर बैठे इसे कैसे पता लगाया जा सकता है। लाभार्थी राज्य, जिला, ब्लॉक और गांव का नाम सिलेक्ट करें। इसके बाद गेट रिपोर्ट पर क्लिक करें। अगर आप लाभार्थी होंगे तब की स्थिति में आपका नाम दिख जाएगा। सरकार ने कुछ संदिग्ध लोगों की पहचान की है। जिन्हें पीएम किसान सूची से बाहर किया गया है। ऐसे किसान जो 1 फरवरी 2019 के बाद जमीन की मालिक बने हैं। ऐसे किसान जिनकी पति-पत्नी दोनों पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ ले रहे थे उनका भी पैसा रोक दिया गया है। ऐसे सभी मामलों में पैसे के ट्रांसफर को रोक दिया गया है। अब इन सभी में फिजिकल वेरिफिकेशन होगा। पीएम किसान योजना के सभी रजिस्टर्ड किसानों के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य हो गया है। पीएम किसान पोर्टल पर हअक्कआधारित ई-केवाईसी की प्रक्रिया को पूरा कर सकते हैं। ई-केवाईसी करवाने के कई माध्यम हैं। बायोमेट्रिक आधारित ई-केवाईसी (किसी जन सेवा केंद्र पर जाकर यह करवाया जा सकता है।

# कोल इंडिया की सब्सिडियरी कंपनी का आ रहा है आईपीओ




**नईदिल्ली, एजेंसी।** कोल इंडिया की सब्सिडियरी कंपनी सेंट्रल माइन प्लानिंग आईपीओ इस हफ्ते खुल रहा है। कंपनी का आईपीओ 20 मार्च को खुल जाएगा। निवेशकों के पास इस आईपीओ पर 24 मार्च तक दांव लगाने का मौका रहेगा। बता दें, ग्रे मार्केट में कोल इंडिया की इस सब्सिडियरी कंपनी की स्थिति अच्छी है।

यह आईपीओ पूरी तरह से ऑफर फार सेल पर आधारित है। कंपनी आईपीओ के जरिए 10.71 करोड़ शेयर जारी करेगी। बता दें, यह एक मेनबोर्ड सेगमेंट का आईपीओ है। इसलिए इसकी लिस्टिंग बीएसई और एनएसई दोनों जगह होगी।

कंपनी ने अभी तक आईपीओ के लिए प्राइस बैंड का ऐलान नहीं किया है। उम्मीद है कि सोमवार को प्राइस बैंड, लॉट साइज आदि का ऐलान हो जाएगा। सेंट्रल माइन प्लानिंग आईपीओ में 50 प्रतिशत हिस्सा क्वालीफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए रहेगा। वहीं, 35 प्रतिशत हिस्सा रिटेल निवेशकों के लिए आरक्षित रहेगा। बाकि बचा 15 प्रतिशत हिस्सा नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स के लिए होगा। यह देश की सबसे बड़ी कोल और मिनिरल कंसल्टेंसी फर्म है। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान कंपनी के पास 61 प्रतिशत मार्केट शेयर था। कंपनी कोयला मंत्रालय के साथ-साथ कुछ मामलों में पेंट्रोलियम मिनिस्ट्री को सलाह देती है। आईडीबीआई कैपिटल मार्केट्स एंड सिक्योरिटीज और एसबीआई कैपिटल मार्केट्स को मर्चेंट बैंकर्स बनाया गया है। केफिन टेक्नोलॉजी को रजिस्ट्रार नियुक्त किया गया है। इन्वेस्टर्स गेन की रिपोर्ट के अनुसार ग्रे मार्केट में कंपनी का आईपीओ आज 19 रुपये के प्रीमियम पर ट्रेड कर रहा है।

# टॉप 10 कंपनियों के मार्केट कैप में 4.48 लाख करोड़ की गिरावट



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 4.48 लाख करोड़ रुपये की भारी गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और एचडीएफसी बैंक को हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 4,354.98 अंक या 5.51 प्रतिशत नीचे आ गया, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 1,299.35 अंक या 5.31 प्रतिशत के नुकसान में रहा। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के बीच महंगाई के दबाव और वैश्विक आर्थिक स्थिरता को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं, जिससे स्थानीय शेयर बाजार बुरी तरह प्रभावित हुआ है। एसबीआई का बाजार मूल्यांकन सबसे ज्यादा 89,306.22 करोड़ रुपये घटकर 9,66,261.05 करोड़ रुपये पर आ गया। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 61,715.32 करोड़ रुपये घटकर 12,57,391.76 करोड़ रुपये रही। बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 59,082.49 करोड़ के नुकसान के साथ 5,32,053.54 करोड़ रुपये और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार पूंजीकरण 53,312.52 करोड़ रुपये घटकर 8,72,067.63 करोड़ रुपये रह गया। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 42,205.04 करोड़ घटकर 8,97,844.78 करोड़ रुपये और भारती एयरटेल का मूल्यांकन 38,688.78 करोड़ के नुकसान के साथ 10,28,431.72 करोड़ रुपये रह गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज के मूल्यांकन में 33,289.88 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 18,68,293.17 करोड़ रुपये रह गया। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मूल्यांकन 31,245.49 करोड़ रुपये घटकर 4,88,985.57 करोड़ रुपये और इन्फोसिस का पूंजीकरण 24,230.96 करोड़ रुपये घटकर 5,06,315.58 करोड़ रुपये रह गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 15,401.57 करोड़ रुपये घटकर 5,07,640.94 करोड़ रुपये रह गई। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम पर रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस और एलआईसी का स्थान रहा। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव इस सप्ताह शेयर बाजार की दिशा तय करने वाले प्रमुख कारक होंगे। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर के फैसले और मुद्रास्फीति के आंकड़े भी बाजार को प्रभावित करेंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध उपाध्यक्ष अजित मिश्रा ने कहा कि यह सप्ताह घरेलू और वैश्विक स्तर पर कई महत्वपूर्ण घटनाक्रमों और आंकड़ों से भरा है। उन्होंने बताया कि भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर विशेष नजर रहेगी, क्योंकि कच्चे तेल की कीमतों पर उनका प्रभाव बाजार की समग्र दिशा को प्रभावित कर सकता है। घरेलू मोर्चे पर, बाजार थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति, व्यापार संतुलन के आंकड़े और विदेशी मुद्रा भंडार जैसे प्रमुख व्यापक आर्थिक संकेतकों पर नजर रखेंगे।

# 30 के शेयर पर रखें नजर, 18 मार्च को होने वाला है बड़ा ऐलान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** 50 से कम कीमत वाले एनबीएफसी शेयर पैसालो डिजिटल पर सोमवार को बाजार की खास नजर रहने वाली है। कंपनी ने जानकारी दी है कि उसके बोर्ड की ऑपरेशन्स और फाइनेंस कमेटी की बैठक 18 मार्च 2026 को होने जा रही है। इस बैठक में नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर्स के अलॉटमेंट को मंजूरी दी जा सकती है। शुक्रवार को शेयर बाजार में कंपनी का स्टॉक गिरावट के साथ बंद हुआ और पैसालो डिजिटल शेयर करीब 3.73 प्रतिशत फिसलकर 30.90 पर बंद हुआ।

कंपनी ने 14 मार्च को एक्सचेंज फाइलिंग में बताया कि 18 मार्च को होने वाली बैठक में प्राइवेट प्लेसमेंट के जरिए एनसीडी के अलॉटमेंट पर विचार किया जाएगा। कंपनी ने कहा कि बोर्ड की ऑपरेशन्स और फाइनेंस कमेटी इस मुद्दे पर फैसला लेगी। अगर प्रस्ताव को मंजूरी मिलती है तो इससे कंपनी के फंड जुटाने की योजना को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। इससे पहले 11 मार्च को कंपनी के बोर्ड ने 9.25 प्रतिशत ब्याज दर वाले एनसीडी जारी करने



के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। ये एनसीडी इलेक्ट्रॉनिक बुक प्रोवाइडर प्लेटफॉर्म के जरिए प्राइवेट प्लेसमेंट आधार पर जारी किए जाएंगे। कंपनी की योजना अधिकतम 1 लाख एनसीडी जारी करने की है, जिनकी फेस वैल्यू 10,000 प्रति डिबेंचर होगी। इस तरह शुरुआती तौर पर करीब 100 करोड़ जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। कंपनी ने यह भी बताया कि यह इश्यू उसके बड़े फंडरेजिंग प्लान का हिस्सा है, जिसका कुल साइज 500 करोड़ तक हो सकता है। साथ ही कंपनी के पास ग्रीनशू ऑप्शन के तहत अतिरिक्त 500 करोड़ तक का फंड जुटाने का विकल्प भी रहेगा। जारी किए जाने वाले डिबेंचर्स को क्र्स्थ पर लिस्ट करने की योजना है।

## कंपनी की वित्तीय प्रदर्शन

वहीं कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन की बात करें तो चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में पैसालो डिजिटल ने मुनाफे और आय दोनों में बढ़त दर्ज की है। कंपनी का नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 6 प्रतिशत बढ़कर 66.3 करोड़ रहा, जबकि कुल आय 18 प्रतिशत बढ़कर 240 करोड़ तक पहुंच गई। इसके अलावा कंपनी की एसेट क्वालिटी में भी सुधार देखने को मिला है और एनपीए में कमी आई है। कंपनी के शेयर के प्रदर्शन की बात करें तो हाल के समय में इसमें दबाव बना हुआ है। पिछले एक हफ्ते में यह करीब 8 प्रतिशत और एक महीने में लगभग 11 प्रतिशत तक गिर चुका है। साल 2026 में अब तक यह करीब 15.6 प्रतिशत कमजोर हुआ है और पिछले एक साल में भी करीब 12 प्रतिशत का नकारात्मक रिटर्न दिया है।



# बैटल ऑफ गलवान का बदला नाम, अब होगा 'मातृभूमि'

मुंबई। सलमान खान की अपकमिंग फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का नाम बदल गया है। जी हां, साल 2020 में गलवान घाटी में चीन के साथ लड़ी गई खूनी लड़ाई पर बनी इस फिल्म का नाम अब 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' होगा। यह घोषणा सोमवार, 16 मार्च को मेकर्स की ओर से की गई है। इसी के साथ फिल्म का नया पोस्टर भी जारी किया गया है, जिसमें सलमान खान का खतरनाक लुक नजर आ रहा है। हालांकि, इस नए पोस्टर से रिलीज डेट गायब है, जिसके बाद उन कयासों को फिर से हवा लगी है कि शायद फिल्म अगले महीने 17 अप्रैल को रिलीज नहीं होगी और पोस्टपोन होगी।

लाइफ Style

# प्रियंका

## व्हाइट गाउन में दिखीं बेहद ग्लैमरस

प्रियंका चोपड़ा ने ऑस्कर अवॉर्ड्स 2026 के रेड कार्पेट पर अपनी शानदार एंट्री से सभी का ध्यान खींच लिया। इस खास मौके पर वह अपने पति निक जोनस का हाथ थामे रेड कार्पेट पर पहुंचीं। इस साल सेरेमनी में एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा बतौर अवॉर्ड प्रेजेंटर ऑस्कर अवॉर्ड्स में शामिल हुईं।

एजेंसी ▶▶ लॉस एंजिल्स

वे अपने पति निक जोनस के साथ रेड कार्पेट पर नजर आईं। रेड कार्पेट पर दोनों ने साथ में पोज दिए और पैपराजी के सामने कई प्यारे पल भी शेयर किए। इस प्रतिष्ठित शाम के लिए प्रियंका ने डायर का बेहद खूबसूरत स्ट्रैपलेस सफेद गाउन चुना। ये व्हाइट कलर का था और नीचे की तरफ से लंबा फ्लोइंग डिजाइन था, जिसमें हाई स्लिट और स्कर्ट पर पंख जैसी डिटेलिंग नजर आ रही थी। प्रियंका ने अपने लुक को ब्लैक पॉइंटेड हील्स और चमकदार डायमंड नेकलेस के साथ पूरा किया। उन्होंने बालों को सीधा और स्लीक रखा। वहीं उनका मेकअप सॉफ्ट और ग्लोइंग था। निक जोनस की बात करें, तो वे क्लासिक ब्लैक वेलवेट टक्सीडो, सफेद शर्ट और बो टाई में बेहद स्टाइलिश नजर आए। दोनों का आउटफिट एक क्लासिक रेड कार्पेट लुक दे रहा था। रेड कार्पेट पर पहुंचने से पहले प्रियंका ने अपने फैंस के साथ इंस्टाग्राम स्टोरी पर तैयारियों की क्लिप्स भी शेयर की। एक छोटे से वीडियो में वह इसी सफेद डियोर गाउन में अवॉर्ड सेरेमनी के लिए तैयार होती नजर आईं और उनके साथ निक जोनस भी थे। उन्होंने अपने ड्रेसिंग रूम के कुछ बिहाइंड द सीन मोमेंट्स भी शेयर किए, जहां उनकी टीम उनके लुक को फाइनल टच दे रही थी।



## हॉलीवुड मसाला




# भारत में पोस्टपोन हुआ शो

लॉस एंजिल्स। रैपर कान्ये वेस्ट के भारत के कॉन्सर्ट को लेकर एक अहम जानकारी सामने आई है। अब कान्ये वेस्ट का इंडिया टूर टल गया है। पहले यह कॉन्सर्ट 29 मार्च को होने वाला था। रैपर और म्यूजिशियन कान्ये वेस्ट अपने भारत के कॉन्सर्ट को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। कान्ये वेस्ट का इंडिया टूर अब टल गया है। कान्ये वेस्ट का शो पहले 29 मार्च 2026 को नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होना था, लेकिन अब इसे 23 मई 2026 को कर दिया गया है।



# यह तो मेरे लिए गर्व की बात है ...

लॉस एंजिल्स। फिल्म सिनर्स के स्टार माइकल बी. जॉर्डन के लिए इस साल का ऑस्कर अवॉर्ड्स बहुत खास रहे। 98वें ऑस्कर अवॉर्ड्स में उन्होंने पहली बार बेस्ट एक्टर का ऑस्कर जीतकर इतिहास रच दिया। रिपोर्ट के मुताबिक, वह लीड एक्टर कैटेगरी में ऑस्कर जीतने वाले छठे ब्लैक एक्टर बन गए हैं। अपने इमोशनल एक्सेप्टेंस स्पीच में माइकल बी. जॉर्डन ने उन दिग्गज कलाकारों को याद किया जिन्होंने ब्लैक कलाकारों के लिए रास्ता बनाया। उन्होंने खास तौर पर सिडनी पोइटियर और विल स्मिथ का जिक्र किया। उन्होंने आगे कहा, 'इन महान कलाकारों के बीच अपना नाम जुड़ना मेरे लिए गर्व की बात है।' माइकल बी. जॉर्डन का जन्म 9 फरवरी 1987 को अमेरिका के कैलिफोर्निया के सैंटा एना शहर में हुआ था। उनका पूरा नाम माइकल बकारी जॉर्डन है।



# अब श्रेया भी लेंगी सिंगिंग से ब्रेक

**मुंबई**। अरिजीत सिंह के प्लेबैक सिंगिंग से संन्यास लेने के फैसले पर जहां अभी तक फैंस को यकीन नहीं हो रहा, वहीं अब सिंगर श्रेया घोषाल ने भी इस कदम की ओर इशारा किया है। 42 साल की श्रेया ने एक नए इंटरव्यू में इस बात पर जोर दिया कि लाइव सिंगिंग में स्टेज पर लिप-सिंकिंग करना ऐसी चीज है, जिस पर वह कभी निर्भर नहीं रहना चाहेंगी। अरिजीत सिंह के प्लेबैक सिंगिंग से ब्रेक लेने के फैसले पर फैंस के बीच चर्चा छिड़ने के बाद, अब श्रेया ने कहा है कि जिस दिन उन्हें ऐसा कुछ करना पड़ा, वह गाना बंद कर देंगी। 5 बार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीत चुकीं श्रेया ने कहा कि कभी-कभी उनका मन भी ब्रेक लेने का करता है। सात बार फिल्मफेयर अवॉर्ड जीत चुकीं श्रेया ने कहा कि लाइव परफॉर्मेंस देना एक कलाकार के तौर पर उनकी पहचान का अहम हिस्सा है।



# कुंभकर्ण के किरदार में नजर आएंगे फैसल

**मुंबई**। 'रामायण' सबसे ज्यादा इंतजार किए जाने वाले प्रोजेक्ट्स में से एक है। इस फिल्म में रणबीर कपूर, साई पल्लवी और यश जैसे कई बेहतरीन कलाकार शामिल हैं। फिल्म को लेकर फैंस उत्साहित हैं। खबर है कि इस फिल्म से 'पंचायत' फेम फैसल मलिक भी जुड़ रहे हैं। वह इसमें अहम किरदार निभाएंगे। 'रामायण' में कुंभकर्ण की भूमिका के लिए फैसल को चुना गया है। इससे पहले, इस भूमिका के लिए बॉबी देओल का नाम सामने आया था। फैसल को सीरीज 'पंचायत' में प्रह्लादचा का किरदार निभाने के लिए जाना जाता है। हाल ही में उन्हें अनिल कपूर की फिल्म 'सूबेदार' में भी देखा गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्होंने फिल्म की शूटिंग का पहला शेड्यूल पूरा कर लिया है। वह मुंबई के प्राइम फोकस स्टूडियो में कुंभकर्ण के शुरुआती सीन के लिए यश के साथ शामिल हुए।

## टीवी मसाला



# तान्या ने राम-सीता प्रिंट वाली साड़ी से पोंछा एकता का मुंह

**नई दिल्ली**। 'बिग बॉस 19' के खत्म होने के बाद एक बार फिर तान्या मित्तल चर्चा में हैं। इस बार राम-सीता वाली प्रिंट की साड़ी को लेकर बवाल मचा हुआ है, जिससे उन्होंने एकता कपूर का मुंह पूछ दिया। ये सब देखकर लोग भड़क उठे हैं, जिसमें वड़ा पाव गर्ल भी कूद पड़ी हैं। हालांकि, लोगों ने यहां चंद्रिका को धो डाला है। बता दें कि 'बिग बॉस 19' के समय से ही तान्या मित्तल एकता कपूर के प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में रही हैं। पिछले कुछ समय से तान्या और एकता की कुछ झलकियां सोशल मीडिया पर भी खूब दिखी हैं जिसमें 'बिग बॉस' की कंटेस्टेंट्स टीवी क्वीन को गिफ्ट-शिफ्ट देती दिखीं। अब सोशल मीडिया पर छाए एक वीडियो में तान्या एकता के साथ दिख रही हैं। केवल साथ ही नहीं दिख रहीं बल्कि साड़ी को फ्लॉन्ट करते हुए कुछ ऐसा कर डाला कि लोगों का गुस्सा अब सातवें आसमान पर है। तान्या मित्तल ने एकता कपूर का मुंह उसी साड़ी के पल्लू से पोछ दिया जिस पर भगवान राम और सीता की तस्वीर छपी नजर आ रही है। लोगों ने भड़कते हुए तान्या के इस हरकत पर कॉमेंट किया है। एक यूजर ने वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखा, 'इन लोगों ने भगवान का भी मजाक बनाकर रख दिया। एक ने गुस्से में कहा- बाप रे, भगवान का चित्र बना हुआ है और इससे उसने पसीना पोंछा। एक और ने कहा- वैसे पल्लू पर श्री राम जी और सीता जी बनवाए हुए हैं और उन्हीं से उसका मुंह पूछ रहे हैं, कितनी बेवकूफी है।

## फलक से मांगी गई जन्म कुंडली

**नई दिल्ली**। टीवी एक्ट्रेस फलक नाज उस वक्त भड़क गईं, जब एक प्रोडक्शन हाउस ने उनसे उनकी जन्म कुंडली मांगी। 

प्रोडक्शन हाउस ने उन्हें एक बड़ा टीवी सीरियल ऑफर किया था। लेकिन फलक नाज ने सीरियल ठुकरा दिया और प्रोडक्शन हाउस को लताड़ते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इसमें फलक नाज ने बताया है कि कैसे क्या हुआ और किस तरह उन्होंने शो ठुकरा दिया। फलक नाज ने कहा कि उन्हें अभी भी बहुत गुस्सा आ रहा है, पर उन्होंने यह वीडियो उन लोगों के लिए शेयर किया है, जो एक्टिंग में आना चाहते हैं। फलक नाज हैरान हैं और गुस्सा रहा है कि प्रोडक्शन हाउस ने उन्हें सीरियल में रोल ऑफर करने से पहले उनकी कुंडली मांगी, ताकि चेक कर सकें कि उनके हिसाब से सीरियल कैसा चलेगा। फलक ने कहा कि टैलेंट के बजाय कुंडली के आधार पर किसी को काम देना गलत है और वह इस इंडस्ट्री में 15 साल से सिर्फ अपने एक्टिंग टैलेंट, स्किल्स और क्राफ्ट की वजह से हैं।



# शाहरुख की वजह से जवान में काम करने के लिए हुए राजी : विजय

**मुंबई**। विजय सेतुपति ने शाहरुख खान की अदाकारी वाली फिल्म 'जवान' को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है। साल 2023 में रिलीज हुई इस फिल्म में उन्होंने काली गायकवाड नाम के विलेन का किरदार निभाया था। एटली के निर्देशन में बनी इस फिल्म में उनके अभिनय की काफी तारीफ हुई थी। बॉक्स ऑफिस पर भी यह फिल्म कामयाब रही थी। विजय सेतुपति ने शाहरुख खान स्टारर 'जवान' में काम करने के अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने कहा 'एटली के फिल्म बनाने के तरीके की मैं तारीफ करता हूं। उन्हें पता है कि सीन को कहां उठाना है और कैसे दिलचस्प बनाना है।' तमिल एक्टर एटली ने कहा फिल्ममेकर अपने सीन को लेकर आत्मविश्वास से भरे हुए थे। उन्होंने आगे कहा 'यकीनन यह शाहरुख खान को लेकर है। सिर्फ उनकी वजह से मैंने इस फिल्म में काम किया।' एटली के निर्देशन में बनी फिल्म 'जवान' में शाहरुख खान, नयनतारा, दीपिका पादुकोण, विजय सेतुपति, सान्या मल्होत्रा और प्रियमणि नजर आए। इस फिल्म को शाहरुख खान के प्रोडक्शन हाउस का सपोर्ट मिला। बॉक्स ऑफिस पर ग्लोबली इस फिल्म ने 1100 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई की थी। शाहरुख खान अपनी अपकमिंग फिल्म 'किंग' की तैयारी में जुटे हैं। इसका निर्देशन सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं। इस फिल्म में दीपिका पादुकोण, अभिषेक बच्चन, अरशद वारसी, रानी मुखर्जी, अनिल कपूर और सुहाना खान नजर आएंगे। यह फिल्म इस साल दिसंबर में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। विजय सेतुपति अपकमिंग फिल्म 'मुथु आलिया काट्टान' में नजर आएंगे। यह फिल्म 27 मार्च, 2026 को एक स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली है।

# 1980 में शुरू हुआ सिक्स पैक एब्स का ट्रेंड, नसीरुद्दीन ने की थी शुरुआत...

**नई दिल्ली**। बॉलीवुड में सिक्स-पैक एब्स का ट्रेंड आज बहुत आम हो गया है। हीरो फिल्म में शर्ट उतारकर अपनी फिट बॉडी फ्लॉन्ट करते हैं और फैंस उनकी बॉडी को देखकर इंस्पायर होते हैं। लेकिन, सवाल यह है कि इस ट्रेंड को सबसे पहले किस अभिनेता ने शुरू किया था? सचाई यह है कि बॉलीवुड में सिक्स-पैक एब्स को लीड एक्टर के तौर पर सबसे पहले दिखाने का श्रेय नसीरुद्दीन शाह को जाता है। 1987 में आई फिल्म 'जलवा' में नसीरुद्दीन ने एक सीआईडी ऑफिसर का रोल किया था। इस रोल के लिए उन्होंने अपनी बॉडी को पूरी तरह ट्रांसफॉर्म किया और स्क्रीन पर सिक्स-पैक एब्स दिखाए। उस समय यह बहुत नई और



हैरान करने वाली बात थी, क्योंकि पहले ज्यादातर हीरो मजबूत बॉडी तो रखते थे, लेकिन साफ-साफ छह पैक एब्स वाला लुक लीड एक्टर्स में नहीं दिखता था।

### दारा सिंह और धर्मेंद्र

दारा सिंह और धर्मेंद्र जैसे एक्टर्स को बहुत मजबूत और मस्कुलर बॉडी के लिए जाना जाता था। दारा सिंह को 'बॉलीवुड का ओरिजिनल सिक्स-पैक हीरो' भी कहा जाता है, क्योंकि वह पहलवान थे और उनकी बॉडी बहुत पावरफुल थी। वहीं, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में उन्हें 8-पैक तक बताया जाता है। लेकिन, उनका लुक ज्यादा सिंपल था।

### सलमान की वजह से ट्रेंड हुआ पापुलर

सलमान खान ने 90 के दशक में फिल्म 'प्यार किया तो डरना क्या' के गाने 'ओ ओ जाने जाना' सॉन्ग में शर्टलेस होकर सिक्स-पैक दिखाए। जिसके बाद से फैंस और सेलेब्स के बीच सिक्स पैक एब्स का ट्रेंड ज्यादा पॉपुलर हो गया। आज सलमान की वजह से लाखों फैंस जिम जाने लगे, ताकि वह उनकी तरह बॉडी बना सकें।

### ऋतिक और जॉन अब्राहम

ऋतिक रोशन ने इस ट्रेंड को फिल्म 'कहो ना प्यार है' से इसे और ज्यादा ग्लैमरस बनाया। वहीं जॉन अब्राहम को भी सिक्स-पैक का किंग कहा जाता है, खासकर 'दोस्ताना' और 'फोर्स' जैसी फिल्मों में उनका सिक्स पैक एब लुक फैंस को बेहद पसंद आया। इस लिस्ट में और भी कई अभिनेता शुमार हो चुके हैं, जिनमें रणवीर सिंह, टाइगर श्रॉफ और भी कई नामी स्टार्स शामिल हैं।

## लॉस एंजिल्स के डॉल्बी थिएटर में किया गया 98वें एकेडमी अवॉर्ड्स का आयोजन

# बेस्ट पिक्चर वन बैटल आफ्टर अनअदर को 6 अवॉर्ड, सिनर्स पिछड़ी

*लॉस एंजिल्स। अमेरिका और इजराइल का ईरान के साथ चल रहे युद्ध और तमाम उथल-पुथल के दौरान 98वें एकेडमी अवॉर्ड्स का आयोजन लॉस एंजिल्स के डॉल्बी थिएटर में किया गया। 98वें एकेडमी अवॉर्ड्स के रेड कार्पेट पर दुनिया भर के सितारों का मेला लगा। इस अवॉर्ड के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच समारोह की शुरुआत हुई। नॉमिनेशन में सबसे आगे चल रही 'सिनर्स' जीत के मामले में पिछड़ गई। हालांकि, इस फिल्म ने मुख्य कैटिगरी में कई अवॉर्ड झटके। वहीं 'वन बैटल आफ्टर अनदर' ने छक्के मारे हैं। जिस अवॉर्ड फंक्शन पर दुनिया भर की नजरें टिकी रहीं, यहां भारतीय दर्शकों के लिए सबसे खास आकर्षण प्रियंका चोपड़ा रहीं। बता दें कि वो इस साल अवॉर्ड्स में प्रेजेंटर के तौर पर जुड़ी हैं। वहीं, प्रियंका चोपड़ा के अलावा रॉबर्ट डाउनी जूनियर, ऐन हैथवे, ग्वेनेथ पाल्ट्रो, पॉल मेस्कल और विल आर्नेट भी अलग-अलग कैटिगरी में अवॉर्ड पेश किए।*

### सिनर्स को मिला 4 अवॉर्ड

98वें एकेडमी अवॉर्ड समारोह अपने अंतिम चरण की ओर बढ़ते हुए, 'वन बैटल आफ्टर अनदर' फिलहाल कुल 6 अवॉर्ड्स के साथ सबसे आगे रही है। 'सिनर्स' को अब तक चार अवॉर्ड मिले हैं।

### बेस्ट ऑरिजनल स्क्रीनप्ले

इस अवॉर्ड्स में सबसे अधिक नॉमिनेशन पाने वाली फिल्म 'सिनर्स' ने बेस्ट ऑरिजनल स्क्रीनप्ले में भी जगह बनाई है। रयान कूगलर को बेस्ट ऑरिजनल स्क्रीनप्ले का एकेडमी अवॉर्ड मिला है। रॉबर्ट डाउनी जूनियर और क्रिस इवांस ने ये पुरस्कार प्रदान किया।

### सिनर्स को मिली एक और ट्रॉफी

इस अवॉर्ड्स में 16 नॉमिनेशंस के साथ उतरी फिल्म 'सिनर्स' के निर्देशक लुडविग गोरान्सन ने बेस्ट ऑरिजनल म्यूजिक के लिए एकेडमी अवॉर्ड जीता। उन्होंने कहा, 'मेरे पिताजी ने अपना पहला ब्लूज एल्बम 1964 में स्वीडन में खरीदा था।



### बेस्ट डायरेक्टरः पॉल थॉमस एंडरसन

इस समारोह में सबसे बड़ी जीत हासिल करते हुए फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' के पॉल थॉमस एंडरसन ने बेस्ट डायरेक्शन का अवॉर्ड जीता लिया है। अपकमिंग फिल्म 'द ड्रामा' के स्टार्स जेंडाया और रॉबर्ट पैटिनसन ने ये अवॉर्ड इन्हें दिया।

### *धर्मेंद्र को नहीं मिली श्रद्धांजलि*

*इस साल के ऑस्कर 2026 में उन सभी दिग्गज दिवंगत अभिनेताओं को श्रद्धांजलि दी गई जो फिल्मी दुनिया के सितारे थे। मगर भारतीय सिनेमा के मशहूर अभिनेता धर्मेंद्र को ऑस्कर के मंच पर याद न किए जाने से फैंस काफी निराश हुए। हालांकि, कई हॉलीवुड अभिनेताओं के नाम इस लिस्ट में शामिल थे। हर साल ऑस्कर के मंच से दुनियाभर के महान कलाकारों को मंच से याद किया जाता है। इसी क्रम में हॉलीवुड के साथ बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता धर्मेंद्र को भी श्रद्धांजलि मिलने की फैंस इंतजार कर रहे थे। मगर ऑस्कर में ऐसा कुछ नहीं हुआ।*

### बेस्ट पिक्चर : वन बैटल आफ्टर अनदर

बेस्ट फिल्म कैटिगरी में पॉल थॉमस एंडरसन की ब्लैक कॉमेडी एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' ने जीत हासिल की है। इसने सिनर्स, बुगोनिया, एफ1, फ्रैंकस्टीन, हैमनेट, मार्टी सुप्रीम, द सीक्रेट एजेंट, सेंटिमेंटल वैल्यू और ट्रेन ड्रीम्स को पीछे छोड़ दिया। इस तरह, फिल्म ने कुल 6 अवॉर्ड मिले और 2026 के ऑस्कर में धूम मचा दी।

### दिखा भारतीय कारीगरी का जलवा

ऑस्कर अवॉर्ड में इस बार सेलेब्स ने भारतीय पारंपरिक शिल्प को अपने परिधान में जोड़ा। जाना रॉबर्ट्स ने जहां भारत की बुनाई का सहारा लिया वहीं, प्रितिका स्वरूप ने पारंपरिक हार को अपने पहनावे का हिस्सा बनाया। जाना रॉबर्ट्स रस्सी ने स्वदेश x अबू जानी और संदीप खोसला की डिजाइन किए गए परिधान को अपने रेड कार्पेट के लिए चुना। इस ड्रेस के पूरी तरह भारतीय कारीगरों ने बनाया था। जिसमें भारत के वस्त्र शिल्प का शानदार काम देखने को मिला। उन्होंने जो क्रॉप टॉप पहन रखा था। उसमें हजारों बीड्स, पत्थरों और क्रिस्टल का उपयोग किया गया था। इस खूबसूरत टॉप को बनाने के लिए सिल्क ब्रोकेड के कपड़े का उपयोग हुआ था।

# सिनर ने मेदवेदेव को हराकर जीता इंडियन वेल्स खिताब, एरिना सबालेंका बनीं पहली बार चैंपियन

**इंडियन वेल्स।** यानिक सिनर ने दूसरे सेट के टाइब्रेकर में लगातार सात अंक बनाकर पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दानिल मेदवेदेव को 7-6, 7-6 से हराकर पहली बार एक भी सेट गंवाए बिना इंडियन वेल्स खिताब जीता। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी सिनर ने मेदवेदेव को पिछले दस मुकाबलों में नौवीं बार हराया। मेद्वेदेव ने सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज को मात दी थी। वहीं महिला वर्ग में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने एलेना रिबाकिना को 3-6, 6-3, 7-6 से हराकर खिताब जीता। इससे पहले 2023 और 2025 में उपविजेता रही सबालेंका का यह पहला खिताब है।

## सिनर ने पूरे मैच में बनाए रखा दबदबा

कैलिफोर्निया के रेगिस्तानी मौसम में खेले गए इस मुकाबले में सिनर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे मैच में दबदबा बनाए रखा। उन्होंने मैच के दौरान 28 विनर्स और 10 ऐस लगाए तथा नेट पर खेले गए सभी आठ अंकों में सफलता हासिल की। पहला सेट काफी रोमांचक रहा। मेदवेदेव ने आक्रामक शुरुआत करते हुए सिनर पर लगातार दबाव बनाया और स्कोर 6-5 तक पहुंचाया, लेकिन सिनर ने वापसी करते हुए मुकाबले को टाईब्रेक तक पहुंचा दिया। टाईब्रेक में इतालवी खिलाड़ी ज्यादा सटीक साबित हुए और 7-6(6) से पहला सेट अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में भी दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। सिनर ने पांचवें गेम में बिना कोई अंक गंवाए ब्रेक लेकर 3-2 की बढ़त बनाई, लेकिन मेदवेदेव ने हार नहीं मानी और स्कोर 6-6 कर दिया, जिससे मैच एक और टाईब्रेक में पहुंच गया। टाईब्रेक में मेदवेदेव ने 4-0 की बढ़त बना ली थी, लेकिन सिनर ने शानदार वापसी करते हुए लगातार अंक हासिल किए और 7-4 से टाईब्रेक जीतकर मैच अपने नाम कर लिया।

### जोकोविच-फेडरर के विशेष क्लब में सिनर शामिल

इस जीत के साथ सिनर इतिहास में ऐसे तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने सभी छह एटीपी मास्टर्स 1000 हार्ड-कोर्ट खिताब जीते हैं। इस उपलब्धि के साथ वह टेनिस के दिग्गज नोवाक जोकोविच और रोजर फेडरर के विशेष क्लब में शामिल हो गए। साल का यह उनका पहला खिताब है। इसके साथ ही वह 1990 के बाद पहले खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने लगातार दो मास्टर्स 1000 खिताब बिना एक भी सेट गंवाए जीते हैं। पेरिस में पिछले वर्ष जीते खिताब से शुरू हुई उनकी जीत की लय इस श्रेणी में 11 मैचों तक पहुंच गई है।




**मैंने लगातार विश्वास बनाए रखा : सिनर**

मैच के बाद सिनर ने कहा, मैं लगातार विश्वास बनाए रखता रहा और अपने शॉट्स खेलने की कोशिश करता रहा। अगर तीसरा सेट होता तो मुकाबला बराबरी से शुरू होता, इसलिए मैंने मैच खत्म करने की पूरी कोशिश की और इस जीत से बेहद खुश हूं।"



### सबालेंका ने रोमांचक मुकाबले में जीता मैच

यह मुकाबला बेहद रोमांचक रहा और निर्णायक सेट का फैसला टाईब्रेक में हुआ। गर्म मौसम में खेले गए इस मैच में सबालेंका ने तीसरे सेट में 5-4 पर जीत का मौका गंवा दिया था, लेकिन टाईब्रेक में उन्होंने शानदार वापसी करते हुए बैकहैंड विनर के साथ मैच अपने नाम कर लिया।

**हेड-टू-हेड में सबालेंका को बढ़त :** यह दोनों खिलाड़ियों के बीच 16वां मुकाबला था, जिसमें अब सबालेंका 9-7 से आगे हो गई हैं। इससे पहले रिबाकिना ने 2025 के डब्ल्यूटीए फाइनल्स और इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन में सबालेंका को हराया था। खिताब जीतने के बाद सबालेंका के पास जश्न मनाने के लिए ज्यादा समय नहीं है। उन्हें मियामी ओपन के लिए रवाना होना था, जहां वे डिफेंडिंग चैंपियन हैं। उन्होंने मजाक में कहा कि शायद फ्लाइट में एक-दो ड्रिंक के साथ जश्न मना लें, क्योंकि मियामी में खिताब बचाने के लिए उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलना होगा। 27 वर्षीय सबालेंका ने अपने खिताबी सफर के दौरान छह मैच में सिर्फ एक सेट गंवाया। यह उनके 11 साल के प्रोफेशनल कॅरियर का 23वां एकल खिताब है। इनमें चार ग्रैंड स्लैम शामिल हैं। इसके अलावा उनके नाम छह युगल खिताब भी हैं।




**मानसिक मजबूती बनी जीत की कुंजी : सबालेंका**

*मैच के बाद सबालेंका ने कहा कि उनका लक्ष्य पूरे मुकाबले में मानसिक रूप से मजबूत बने रहना था। उन्होंने बताया कि चाहे परिस्थिति कैसी भी हो, उन्हें अपने बॉडी लैंग्वेज से यह दिखाना था कि वे लड़ाई जारी रखेंगी। सबालेंका के लिए यह समय खास रहा है।*

## खबर संक्षेप



### एफआईएच हॉकी नेशन कप में भाग लेगी महिला हॉकी टीम

**लुसाने।** भारतीय महिला हॉकी टीम न्यूजीलैंड के आकलैंड में 15 से 21 जून तक होने वाले एफआईएच नेशंस कप में भाग लेगी। हॉकी नेशंस कप की शुरुआत 2021 में हुई थी, जो हॉकी प्रो लीग से बाहर सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाली टीमों का शीर्ष स्तरीय टूर्नामेंट है। इसमें विजयी टीम को अगले सत्र में प्रो लीग में जगह मिलती है। भारत के अलावा इसमें मेजबान न्यूजीलैंड, अमेरिका, जापान, कोरिया, चिली, स्कॉटलैंड और फ्रांस भी भाग लेंगे। पुरुषों का टूर्नामेंट केपटाउन में खेला जाएगा, जिसमें दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, फ्रांस, कोरिया, जापान, वेल्स, मलेशिया , आयरलैंड और स्कॉटलैंड की टीमें हिस्सा लेंगी। यह टूर्नामेंट 11 से 20 जून तक खेला जाएगा।

### इंडियन ओपन को पीडब्ल्यूआर 1000 स्पर्धा के रूप में मान्यता

**नई दिल्ली।** भारतीय पिकलबॉल संघ (आईपीए) ने अप्रैल में हैदराबाद में होने वाले इंडियन ओपन के चौथे सत्र को पीडब्ल्यूआर 1000 स्पर्धा के रूप में मान्यता दी है। ग्लोबल स्पोर्ट्स की ओर से आयोजित इस टूर्नामेंट के पिछले तीन सत्र में सभी वर्गों में 19 देशों के चार हजार से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले चुके हैं। चौथे सत्र में 1500 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे और 56 वर्गों में इसकी कुल इनामी राशि 50 हजार डॉलर है। आयोजकों ने कहा,'आईपीए से मंजूरी मिलने से उस व्यवस्था को वैधता मिल गई है,जिसकी भारतीय पिकलबॉल के पारिस्थितिकी तंत्र में कमी थी।'

### भारतीय क्रिकेट का दबदबा का समय आ गया : मिताली

**नई दिल्ली।** मिताली राज ने कहा है कि विश्व स्तर पर भारतीय क्रिकेट के दबदबे का उनका बरसों पुराना सपना सच हो रहा है जबकि पुरुष टीम, महिला टीम और जूनियर टीमों ने हाल ही के वर्षों में बड़े आईसीसी खिताब जीते हैं। पिछले कुछ साल में भारतीय पुरुष टीम ने 2024 और 2026 टी20 विश्व कप, महिला टीम ने पहला वनडे विश्व कप जीता। मिताली ने कहा,' मैं बरसों से चाहती थी कि भारतीय क्रिकेट का दबदबा हो और अब वह समय आ गया है।'



# हॉकीः नवनीत चार गोल दाग कर प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनी, भारत को दिलाया वर्ल्ड कप का टिकट

शाहबाद

हैदराबाद के जीएमसी बालयोगी हॉकी स्टेडियम में खेले गये वल्ड कप क्वालीफायर में नवनीत कौर भारत की जीत की मुख्य सूत्रधार रहीं। नवनीत के अनुभव और गोल करने क कला ने न केवल को सिल्वर मैडल दिलाया बल्कि 2026 में होने वाले महिला हॉकी वल्ड कप में खेलने का टिकट भी दिलाया। भारतीय टीम की ओर से 4 गोल दाग कर व्लर्ड कप क्वालीफायर में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी बनी। भारतीय महिला हॉकी टीम की गोल्डन गर्ल नवनीत कौर ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि उन्हें बड़े मैचों का खिलाड़ी क्यों कहा जाता है। हैदराबाद में खेले गए वर्ल्ड कप क्वालीफायर में भारत भले ही फाइनल में इंग्लैंड से हार गया हो लेकिन पूरे टूर्नामेंट में नवनीत का जलवा बरकरार रहा। उन्हें शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया है। नवनीत ने टूर्नामेंट में कुल 4 गोल दागे। वह टूर्नामेंट की टॉप स्कोरर की लिस्ट में तीसरे नंबर पर रहीं। वेल्स के खिलाफ करो या मरो के मुकाबले में नवनीत ने हैट्रिक जमाकर भारत की जीत पर मुहर लगाई थी। नवनीत की बदौलत भारत ने फाइनल में पहुंचकर 2026 में बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले वर्ल्ड कप के लिए सीधे क्वालीफाई कर लिया है। फोन पर बातचीत में नवनीत ने कहा कि यह अवॉर्ड पूरी टीम की मेहनत का नतीजा है और उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय द्रोणाचार्य अवार्डी कोच बलदेव सिंह को दिया। नवनीत ने कहा उनका लक्ष्य सिर्फ टीम को जीत दिलाना था। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनना गर्व की बात है लेकिन असली खुशी इस बात की है कि भारतीय टीम ने वल्ड कप का टिकट हासिल कर लिया। नवनीत ने कहा कि टीम का लक्ष्य 2026 में वल्ड कप के दौरान मेडल जीतना है। हरियाणा के शाहबाद मार्कंडा की रहने वाली नवनीत कौर ने फिर साबित किया कि क्यों इस छोटे से शहर को हॉकी की फैक्ट्री कहा जाता है। 30 साल की उम्र में भी उनकी फिटनेस और ड्रिबलिंग युवाओं को मात दे रही है।



**हरियाणा के शाहबाद मार्कंडा की रहने वाली नवनीत ने कहा वर्ल्ड कप में जीतेंगे गोल्ड**



### चिन्नास्वामी स्टेडियम में होंगे आईपीएल मैच

बेंगलुरु। कर्नाटक सरकार ने कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में इस साल होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैचों की मेजबानी करने की औपचारिक मंजूरी दे दी। इसके साथ ही इस स्टेडियम में आईपीएल मैचों के आयोजन को लेकर पिछले लंबे समय से चली आ रही अनिश्चितता भी समाप्त हो गई। पिछले साल आरसीबी के चैंपियन बनने के बाद यहां आयोजित किए गए समारोह के दौरान मची भगदड़ में कुछ लोगों की जान चली गई थी। आईपीएल 28 मार्च से शुरू होगा, जिसमें मौजूदा चैंपियन आरसीबी उद्घाटन मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना करेगा। यह मैच पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। केएससीए के प्रवक्ता विनय मृत्युंजय ने कहा, 'बैठक के दौरान विशेषज्ञ समिति ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में की गई तैयारियों और उपायों के संबंध में रिपोर्ट पेश की।

क्रिकेट

# सूर्या ने कहा- टी-20 में हाथ सेट, टेस्ट की ख्वाहिश

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सूर्यकुमार यादव का कहना है कि वह टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहते हैं, वनडे क्रिकेट उन्हें रास नहीं आता, लेकिन टी20 उनकी ताकत है क्योंकि ''उसमें उनका हाथ सेट हो गया है।' सूर्यकुमार ने कहा, 'आपकी किस्मत में जो लिखा होता है, आपको वही मिलता है। मैंने भी लाल गेंद से क्रिकेट खेलना शुरू किया था और 10-12 साल तक रणजी ट्राफी खेली। मैंने मुंबई में लाल गेंद से बहुत क्रिकेट खेली है क्योंकि अगर आप मुंबई में पले बढ़े होते हैं तो आप लाल गेंद से ही शुरुआत करते हैं, इसलिए सब कुछ लाल गेंद के इर्द-गिर्द ही घूमता है।' उन्होंने कहा, 'लेकिन धीरे-धीरे जब हमने सफेद गेंद से क्रिकेट खेलना शुरू की तो मेरा झुकाव थोड़ा उसकी तरफ हो गया। इसके बाद मैं इस प्रारुप (टी20) में दिलचस्पी लेने लगा। मैंने वनडे (50 ओवर की क्रिकेट) में भी अच्छा खेलने की बहुत कोशिश की लेकिन कुछ खास नहीं कर पाया।' भारतीय कप्तान ने कहा, 'टी20 क्रिकेट में जैसा चल रहा था, उसमें अपना हाथ सेट हो गया है, ऐसा बोल सकते हैं।'



### टीसीएस वर्ल्ड 10के में हिस्सा लेंगे किबेट और एड्रिस

*बेंगलुरु। युगांडा के हार्बर्ट किबेट और इथियोपिया के 5000 मीटर में दो बार के विश्व चैंपियन मुख्तार एड्रिस 26 अप्रैल को होने वाली टीसीएस वर्ल्ड 10के (10 किमी) बेंगलुरु प्रतियोगिता के मुख्य आकर्षण होंगे। इस प्रतियोगिता को विश्व एथलेटिक्स से गोल्ड लेवल का दर्जा हासिल है। इसकी कुल पुरस्कार राशि 210000 अमेरिकी डॉलर है। इसमें पुरुष और महिला वर्ग में विजेता रहने वाले खिलाड़ी को 26000 अमेरिकी डॉलर के अलावा कोर्स रिकॉर्ड बनाने पर बोनस धनराशि भी मिलेगी। पुरुष वर्ग में किबेट पर सबकी नजर रहेगी। इस 20 वर्षीय खिलाड़ी ने दो साल पहले विश्व जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई थी। किबेट उन पांच एथलीटों में से एक हैं, जिन्होंने इस साल 27 मिनट से कम समय में 10 किमी की दौड़ पूरी की है। इस प्रतियोगिता में 5000 मीटर में दो बार के विश्व चैंपियन एड्रिस भी अपनी कड़ी चुनौती पेश करेंगे।*




### न्यूजीलैंड को झटका, साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 मैच नहीं खेलेंगे जैकब्स

**हैमिल्टन।** न्यूजीलैंड को साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज के बीच झटका लगा है। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने बताया कि बल्लेबाज बेवन जैकब्स घुटने में चोट लगने के कारण सेडन पार्क में साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 मैच से बाहर हो गए हैं। बेवन जैकब्स की जगह ब्लैककैप्स टीम में कैटेन क्लार्क को शामिल किया जाएगा। क्लार्क को पहले डेन क्लीवर, जेडन लेनोक्स और टॉम लैथम के साथ चौथे और पांचवें टी20 मुकाबलों के लिए न्यूजीलैंड की टीम में शामिल किया जाना था। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा, पहले टी20 मैच के दौरान फील्डिंग करते समय जैकब्स अपने बाएं घुटने के बल गिर गए थे, जिसके बाद उन्हें मैदान से बाहर ले जाना पड़ा। स्कैन से पता चला कि उनके घुटने के किनारे की हड्डी में चोट (बोन ब्रूजिंग) लगी है। जैकब्स के दोबारा खेलने के समय का पता लगाने के लिए अभी और जांच की आवश्यकता है। न्यूजीलैंड ने बे ओवल में खेले गए सीरीज के पहले मैच को 7 विकेट से गंवा दिया था।



# ऑरलियन्स मास्टर्स : आयुष और तन्वी करेंगे भारतीय चुनौती की अगुवाई, प्रणय हटे

एजेंसी ▸▸| ऑरलियन्स

एचएस प्रणय के कंधे की चोट के कारण टूर्नामेंट से हटने के बाद युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी और तन्वी शर्मा मंगलवार से शुरू होने वाले 250,000 अमेरिकी डॉलर इनामी ऑरलियन्स मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे।

प्रणय को पहले दौर में चीनी ताइपे के शीर्ष वरीयता प्राप्त चाउ टिएन चेन से भिड़ना था, लेकिन पिछले सप्ताह बासेल में स्विस ओपन के दौरान उनके कंधे में काफी दर्द हो गया था, जिसके कारण उन्हें इस टूर्नामेंट से हटना पड़ा। उन्होंने कहा, 'मुझे तब कंधे में दर्द का कारण पता नहीं था और इसलिए मैंने टूर्नामेंट से नाम वापस लेने और स्वदेश लौटने का फैसला किया।




### शेट्टी करेंगे ली चिया हाओ के खिलाफ अभियान की शुरुआत


उनकी अनुपस्थिति में सभी की निगाहें आठवीं वरीयता प्राप्त और विश्व रैंकिंग में 25वें नंबर के खिलाड़ी आयुष शेट्टी पर टिकी होंगी। वह चीनी ताइपे के ली चिया हाओ के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी और वर्तमान में 30वें स्थान पर काबिज किदाम्बी श्रीकांत का सामना डेनमार्क के मैग्नस जोहानसेन से होगा जबकि स्विस ओपन में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने वाले थारुन मन्नेपल्ली अपने पहले मैच में चीनी ताइपे के वांग त्जु वेई से भिड़ेंगे। विश्व रैंकिंग में 42वें स्थान पर काबिज किरण जॉर्ज का सामना जापान के तीसरे वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोटो से होगा।

ला लीगा : राफिन्हा की शानदार हैट्रिक

# बार्सिलोना ने दिखाया आक्रामक खेल, सेविला को हराया

एजेंसी ▸▸| मैड्रिड

ब्राजीलियाई विंगर राफिन्हा की शानदार हैट्रिक की बदौलत बार्सिलोना ने सेविला को 5-2 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा में शीर्ष स्थान पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। बार्सिलोना के कोच हंसी फ्लिक ने आगामी चैंपियंस लीग मुकाबले को ध्यान में रखते हुए युवा स्टार लैमिन यामल और फर्मिन लोपेज को मैच में नहीं उतारा था। इसके बावजूद बार्सिलोना ने शुरुआत से ही मैच पर नियंत्रण बना लिया और आक्रामक खेल दिखाया। मैच के सातवें मिनट में ही बार्सिलोना को पहली पेनल्टी मिल गई, जब सेविला के डिफेंडर ने पेनल्टी बॉक्स के अंदर जोआओ कैंसेलो की शर्ट खींच ली। राफिन्हा ने इस मौके का पूरा फायदा उठाते हुए टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। कुछ ही देर बाद कैंसेलो के बॉक्स में शानदार रन के दौरान सेविला के खिलाड़ी से हैंडबॉल हो गया, जिसके बाद मिली दूसरी पेनल्टी को भी राफिन्हा ने गोल में बदल दिया और स्कोर 2-0 कर दिया।




### राफिन्हा ने टीम को दिलाई बढ़त

पहले हाफ के 38वें मिनट में डैनी ओल्मो ने मार्क बर्नाल की सहायता से बार्सिलोना का तीसरा गोल किया। हालांकि इंजरी टाइम में सेविला के खिलाड़ी ओसो ने एक गोल करके अंतर थोड़ा कम कर दिया और हाफटाइम तक स्कोर 3-1 रहा। दूसरे हाफ की शुरुआत में ही राफिन्हा ने अपना तीसरा गोल करते हुए हैट्रिक पूरी कर ली और टीम की बढ़त 4-1 कर दी। इसके बाद जोआओ कैंसेलो ने शानदार प्रयास करते हुए बॉक्स के अंदर से बार्सिलोना का पांचवां गोल दागा। मैच के अंतिम क्षणों में सेविला के जिब्रिल सो ने हेडर के जरिए टीम का दूसरा गोल किया, लेकिन तब तक मैच में उनकी हार तय हो चुकी थी। बार्सिलोना ने 5-2 से शानदार जीत हासिल की।


होर्मुज मार्ग खुलवाने के लिए ट्रंप को सहयोग करने से सभी देशों ने किया इनकार

# होर्मुज संकट से नाटो में दरार! दुनिया में अकेले पड़े ट्रंप ने मदद नहीं मिलने पर सहयोगी देशों को दे डाली चेतावनी

### चीन, आस्ट्रेलिया ने ट्रंप को दिया करारा जवाब कहा नहीं देंगे साथ

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और होर्मज जलडमरूमध्य के बाधित होने से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर चौतरफा दबाव पड़ रहा है। एक तरफ पश्चिम एशिया में अमेरिका और इजराइल के ठिकानों पर ईरानी हमले जारी हैं। वहीं दूसरी तरफ ट्रंप घरेलू मोर्चे पर भी घिरते जा रहे हैं। अमेरिका का एक बड़ा तबका इस संघर्ष के खिलाफ है। हैरानी की बात ये है कि इस मुश्किल समय में भी ट्रंप को अपने सहयोगी नाटो देशों की मदद नहीं मिल पा रही है। यही वजह है कि ट्रंप ने सहयोगी देशों को चेतावनी दी है कि नाटो समूह का भविष्य अच्छा नहीं है।




एक इंटरव्यू के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने नाटो के सहयोगी देशों को साफ संदेश दिया। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से फायदा लेने वाले देशों को इसकी सुरक्षा की भी जिम्मेदारी उठानी चाहिए। ट्रंप ने कहा, यह बिल्कुल ठीक है कि होर्मुज से फायदा लेने वाले देश ये सुनिश्चित करें कि वहां कुछ भी गलत न हो। ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा, अगर कोई कुछ नहीं करता या मदद नहीं करता तो मुझे लगता है कि यह नाटो के भविष्य के लिए बहुत बुरा होगा।

ट्रंप ने कहा, हमें यूक्रेन के मामले में उनकी मदद की जरूरत नहीं पड़ी। अब देखते हैं कि वे हमारी मदद करते हैं या नहीं, क्योंकि मैं लंबे समय से कहता आ रहा हूं कि हम उनके साथ खड़े रहेंगे, लेकिन वे हमारे साथ नहीं खड़े रहेंगे। गौरतलब है कि ट्रंप होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में बारूदी सुरंगों को साफ करने के लिए युद्धपोतों की तैनाती की मांग कर रहे हैं। हाल ही में भी मीडिया से बात करते हुए ट्रंप ने कहा था हम नाटो के लिए हमेशा तत्पर हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि कौन सा देश होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला रखने में हमारी मदद करेगा। पश्चिम एशिया संकट को लेकर अमेरिका फंसता नजर आ रहा है। सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई और कई अन्य शीर्ष नेताओं की मौत के बाद भी ईरान झुकने के लिए तैयार नहीं है और लगातार पश्चिम एशिया में अमरिकी ठिकानों और इजराइल पर हमले कर रहा है। अमेरिका और इजराइल की ईरान में सत्ता परिवर्तन की कोशिश भी सफल होती नहीं दिख रही है। ईरान के होर्मुज जलडमरूमध्य को बाधित करने के चलते वैश्विक तेल आपूर्ति पर दबाव पड़ा है। अमेरिकी तेल कंपनियों ने भी इसे लेकर चिंता जताई है और ट्रंप से अपील की है। कि अगर जल्द ही कोई रास्ता नहीं निकला तो हालात बदतर हो सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने करीब सात देशों से होर्मुज जलडमरूमध्य में अपने युद्धपोत तैनात करने की मांग की है। अमेरिका के करीबी सहयोगियों ऑस्ट्रेलिया और जापान जैसे देशों ने तो इससे इनकार कर दिया है।

### ट्रंप ने सैन्य हथियार निर्माण कंपनियों के साथ की अहम बैठक

### अमेरिका में भी ट्रंप का जमकर हो रहा है विरोध, उठ रहे गंभीर सवाल

## चीन ने अमेरिका को चेताया कहा-अमेरिका तुरंत रोके सैन्य अभियान




एआई इमेज

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य पर संकट के बीच चीन ने सभी देशों से तुरंत सैन्य कार्रवाई रोकने की अपील की है। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन सहित कई देशों से अपील की है कि वे अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्ग को सुरक्षित रखने के लिए अपने युद्धपोत तैनात करें। ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच बढ़ते टकराव के कारण दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति और वैश्विक व्यापार पर गंभीर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। चीन ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़ते सैन्य तनाव से अंतरराष्ट्रीय व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति और क्षेत्रीय शांति पर बड़ा खतरा पैदा हो गया है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बीजिंग में मीडिया से बातचीत में कहा कि सभी पक्षों को तुरंत सैन्य अभियान रोकना चाहिए, ताकि हालात और ज्यादा खराब न हों। उन्होंने कहा कि यदि तनाव बढ़ा तो इसका असर वैश्विक अर्थव्यवस्था और क्षेत्रीय स्थिरता पर भी पड़ सकता है।

## ईरान ने दुबई एयरपोर्ट पर फिर किया हमला

ईरान ने एक बार फिर से संयुक्त अरब अमीरात के बड़े शहर दुबई पर हमला किया है। ईरान वे एक बार फिर से दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट को निशाना बनाया। इस बार ईरान का विस्फोटकों से भरा ड्रोन दुबई एयरपोर्ट के करीब बड़े फ्यूल टैंकर से टकराया जिसके बाद वहां जोरदार धमाका हुआ और देखते ही देखते वहां भीषण आग की लपटें उठने लगीं। ये हमला ठीक तब हुआ, तब एक दिन पहले ही यूएई की सरकार ने दुनिया को ये दिखाने और जताने की कोशिश की थी कि दुबई अभी भी दुनिया का सबसे सुरक्षित शहर है। दुबई की इस छवि को बचाने के उनके डैमेज कंट्रोल की कोशिशों को ईरान ने फिर से नाकाम कर दिया। दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के करीब ईंधन से भरे विशाल टैंकर से ड्रोन के टकराते ही वहां जोरदार धमाका हुआ, जिससे वहां भीषण आग लग गई। आग ऊंची उठती लपटें और काले धुंए के गुबार की वीडियो सोशल मीडिया में जमकर शेयर की जा रही हैं। दुबई प्रशासन ने शहर पर हुए हमले की पुष्टि की है, उन्होंने बताया कि घटना के तुरंत बाद इमरजेंसी रिस्पॉन्य टीम मौके पर पहुंची और आग को बुझाने का काम शुरु कर दिया गया है। फिलहाल इस हमले में किसी के मारे जाने की खबर नहीं है।

## ईरान में जासूसी के आरोप में 500 लोगों को किया गया गिरफ्तार



इजरायल-अमेरिका के साथ जारी जंग के बीच ईरान अपने यहां कथित जासूसी नेटवर्क और सूचना लीक करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई शुरू कर दी है। ईरान के पुलिस प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल अहमद रेजा रादान ने कहा है कि देश की पुलिस बलों ने अमेरिका-इजरायल युद्ध के दौरान दुश्मनों के साथ सूचना साझा करने के आरोप में 500 लोगों को गिरफ्तार किया है। ईरानी मीडिया के मुताबिक, रविवार को एक टेलीविजन इंटरव्यू में बोलते हुए रादान ने कहा कि हिरासत में लिए गए 250 लोगों की पहचान महत्वपूर्ण मामलों के रूप में की गई है, जिन्होंने दुश्मन को जानकारी दी थी और हमले के स्थानों की फुटेज लेकर और उन्हें भेजकर छोटे समूहों के साथ सहयोग किया था। हालांकि, उन्होंने इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी कि गिरफ्तारियां कब और कहां हुईं। पुलिस प्रमुख ने बताया कि हिरासत में लिए गए लोगों में 20 बहुत महत्वपूर्ण मामले भी शामिल थे, जो एक जासूसी समूह के सदस्य थे जो ईरान के तीन प्रांतों में सक्रिय था और उन्होंने कहा कि समूह का भंडाफोड़ किया गया था। रादान ने आगे कहा कि तोड़फोड़ की कार्रवाई के मुख्य दोषियों को भी हिरासत में ले लिया गया है और उन्होंने बताया कि उन्होंने एक निजी कंपनी के बारे में जानकारी भेजी थी जिस पर दुश्मन ने हमला किया था। ईरानी मीडिया के अनुसार, रविवार को कई क्षेत्रों में दर्जनों लोगों को गिरफ्तार किया गया। तसनीम की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर पश्चिमी ईरान में 20 लोगों को ईरान की सैन्य और सुरक्षा संपत्तियों के स्थान संबंधी विवरण इजरायल के साथ साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

समाचार एजेंसी ने यह भी बताया कि उत्तरपूर्वी ईरान में 10 लोगों को हिरासत में लिया गया है, जो हवाई हमलों से अपेक्षाकृत अछूता रहा है, और कहा कि उनमें से कुछ पर संवेदनशील स्थानों और आर्थिक बुनियादी ढांचे के बारे में जानकारी एकत्र करने का आरोप है।

हमले को लेकर इजरायल पहले से तैयार नहीं था, ये समय के साथ विकसित हुई कार्रवाई है

# पीएम मोदी की इजरायल यात्रा के तुरंत बाद मिला ईरान पर हमले का असली मौकाः अजार

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पिछले महीने 25 से 26 फरवरी तक किए गए इजरायल दौरे के बाद पश्चिम-एशिया में छिड़ी भीषण जंग को लेकर देश में विपक्षी दलों द्वारा की जा रही तमाम टीका-टिप्पणियों के बीच सोमवार को भारत में इजरायल के राजदूत रूवेन आजार का एक महत्वपूर्ण बयान सामने आया है। जिसमें मीडिया से बातचीत में उन्होंने दो टूक अंदाज में कहा कि पीएम मोदी की इजरायल यात्रा के समाप्त होने के बाद यानी 26 फरवरी के बाद हमारी ईरान पर हमले की वास्तविक योजना (रणनीतिक अवसर) ने मूर्तरूप लिया था। इससे भारत के प्रधानमंत्री की यात्रा का कोई लेना देना नहीं है। ये हमारे एक ऐसा सैन्य अवसर था। जो प्रधानमंत्री मोदी के इजरायल से जाने के बाद सामने आया। जबकि इससे पहले तक इजरायल ऐसे किसी हमले के लिए तैयार नहीं था। हमने हमले का फैसला भारतीय पीएम की यात्रा के 48 घंटे बाद की गई सुरक्षा संबंधी मामलों की कैबिनेट की बैठक में लिया था। जिससे साफ हो जाता है कि हमले की योजना पूर्व निर्धारित नहीं थी और ये समय के साथ विकसित हुई थी। उन्होंने ये भी कहा कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू जीवित हैं। जब मैं इजरायल में था तो मैंने खुद उन्हें एक से अधिक बार प्रत्यक्ष रूप से देखा है। कॉफी वाला उनका जो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। वह पूरी तरह से गलत और झूठा है। जिसमें ईरान और उसके साथियों की भूमिका नजर आती है।



**जीवित हैं प्रधानमंत्री नेतन्याहू, पूरी तरह से झूठा है कॉफी वाला वायरल वीडियो**

**यह जानकारी सोमवार को राजधानी में मीडिया से बातचीत में इजरायल के राजदूत रूवेन अजार ने दी है**

### अगर ईरान चाहेगा तो रुकेगी लड़ाई

अजार ने कहा कि हम युद्ध के बीच हर प्रकार की शत्रुता को समाप्त करने के पक्ष में हैं यानी लड़ाई को रोकना चाहते हैं। लेकिन इसके लिए ईरान को अपने रुख में तब्दीली करनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि बीते कुछ दिनों से तेल अवीव क्षेत्र में और उसके बाहर अपने तमाम सहयोगियों (अमेरिका व अन्य देश) के साथ कूटनीतिक माध्यमों से संवाद कर रहा है। जिसमें तनाव को खत्म करने का मुद्दा शामिल है। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि हमारे मत में कहीं पर भी ईरान पर जमीनी हमले की योजना शामिल है। मौजूदा सैन्य हमलों के जरिए भी हमने ईरान की क्षमता पर चोट की है। आगे भी ये कवायद जारी रहेगी। वर्तमान में हम ईरान के आसमान पर नियंत्रण बनाए हुए हैं।

### क्षेत्रीय सुरक्षा की मजबूती का है लक्ष्य

उन्होंने कहा कि हमलों के जरिए हमारा लक्ष्य क्षेत्रीय सुरक्षा को मजबूत बनाना, ईरान के परमाणु मिसाइल कार्यक्रम सहित सशस्त्र समूहों के समर्थन पर रोक लगाना है। हमारी मौजूदा रणनीति का एक हिस्सा ईरान के भीतर राजनीतिक दबाव में बढ़ोतरी करना भी है। जिसके जरिए अगर वहां की जनता इस संबंध में कोई प्रतिक्रिया देगी तो उसे हम समर्थन प्रदान करेंगे। वहीं, युद्ध के बीच भारत ने शांति की पुरजोर अंदाज में वकालत की है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कह चुके हैं कि समस्या का समाधान बातचीत और कूटनीति के माध्यम से ही निकाला जाना चाहिए। सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का हर हाल में सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने युद्ध के बीच खाड़ी क्षेत्र में रह रहे आम नागरिकों सहित तेल इंफ्रास्ट्रक्चर पर किए जा रहे हमलों का भी विरोध किया है।

### लेह की सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब, राज्य का दर्जा देने की मांग

लेह। लद्दाख में छठी अनुसूची लागू करने और राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर लेह में एक शांतिपूर्ण रैली आयोजित की गई। इस रैली में लगभग 50 हजार लोगों ने भाग लिया। रैली में विभिन्न धर्मों के धार्मिक नेताओं और अलग-अलग समुदायों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने लद्दाख की एकता और सामूहिक समर्थन को दर्शाया। रैली की शुरुआत सिंगे नामग्याल चौक से हुई, जो आगे बढ़ते हुए लेह पोलो ग्राउंड तक पहुंची। इस दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में पंपलेट और तख्तियां लेकर छठी अनुसूची लागू करने और लद्दाख को राज्य का दर्जा देने की मांग की।



## नए टैरिफ लागू होने के बाद ही लगेगी भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर मुहर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत-अमेरिका व्यापार करार पर वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि हम इस समय अमेरिका के साथ इसके विवरण पर बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर वास्तविक हस्ताक्षर तभी होंगे, जब टैरिफ की नई व्यवस्था लागू हो जाएगी। अमेरिका-इजराइल बनाम ईरान संघर्ष के कारण उत्पन्न व्यवधान पर वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा, कुछ रसद संबंधी चुनौतियां सामने आ रही हैं। उड़ानों में व्यवधान के कारण हवाई माल ढुलाई में भी कुछ दिक्कतें आ रही हैं। इसका कुछ असर जरूर पड़ेगा। भारत से आयात भी प्रभावित होगा क्योंकि आयात कई श्रेणियों के लिए भारत पर निर्भर है।

## नई रिपोर्ट में हुए कई चौंकाने वाले बड़े खुलासे

सतर्क और सावधान रहने की है ज्यादा जरूरत

# भारत में डीपफेक मामलों में 900% उछाल महिलाओं को बनाया जा रहा है निशाना

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नई रिपोर्ट के अनुसार भारत में डीपफेक कंटेंट तेजी से बढ़ रहा है और हाल के वर्षों में इसमें 900% की बढ़ोतरी हुई है। चौंकाने वाली बात यह है कि ऑनलाइन फैल रहे 90% से ज्यादा आपत्तिजनक डीपफेक वीडियो महिलाओं को निशाना बनाते हैं। तकनीकी कंपनी पाई-लैब्स की 2026 की रिपोर्ट में भारत में बढ़ते डीपफेक खतरे को लेकर गंभीर चेतावनी दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले कुछ वर्षों में डीपफेक कंटेंट में करीब 900 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जिसे डिजिटल धोखे की महामारी बताया गया है। बता दें कि विशेषज्ञों ने लोगों को सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि लोग अपनी हाई-क्वालिटी तस्वीरें और ऑडियो क्लिप्स सार्वजनिक रूप से कम साझा करें, क्योंकि यही डेटा एआई मॉडल के लिए "रॉ मटेरियल" बनता है। इसके अलावा सोशल मीडिया अकाउंट की प्राइवेसी सेटिंग्स मजबूत रखने और बॉट्स द्वारा डेटा स्क्रैपिंग से बचाव करने की भी सलाह दी गई है।



### हर कंटेंट पर नजर जरूरी

वायरल होने की दौड़ में जब सच्चाई पर हमला होता है, तो व्यक्ति विशेष ही नहीं बल्कि पूरा समाज शिकार बनता है। एआई जनित सिंथेटिक कंटेंट और अफवाहों के प्रसार में कब और क्या ट्रिगर हो जाए, किसी को पता नहीं होता। ऐसे में हर कंटेंट पर निगरानी जरूरी है, चाहे वह टेक टूल्स के जरिए हो, फिर कानूनी शिकंजे से। इंटरनेट मीडिया पर कंटेंट साझा करने की स्पीड इतनी तेज होती है कि कोई भी एल्गोरिदम कंटेंट को सेंसर करने या तथ्यों की सत्यतता जांचने के लिए अभी तक पूरी तरह सक्षम नहीं बन पाया है।

### *महिलाओं की पहचान से की जा रही है छेड़छाड़*

*रिपोर्ट में सामने आया कि इंटरनेट पर फैल रहे आपत्तिजनक डीपफेक कंटेंट में 90 प्रतिशत से अधिक मामलों में महिलाएं निशाना बनती हैं। जनरेटिव एआई तकनीक का इस्तेमाल कर बिना सहमति के अश्लील तस्वीरें बनाना, इमेज मॉर्फिंग करना और पहचान से छेड़छाड़ जैसी घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं।*

### *साइबर अपराध मामलों में भी बढ़ोतरी*

*सरकारी आंकड़ों के अनुसार महिलाओं से जुड़े साइबर अपराध के मामलों में भी तेज वृद्धि हुई है। 2024 में ऐसे करीब 50 हजार शिकायतें दर्ज हुई थीं, जो 2026 तक बढ़कर करीब 80 हजार तक पहुंच गईं। यानी दो साल में लगभग 60 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।*






मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्वाधिकारी आरपी न्यूज़ नेटवर्क प्राईवेट लिमिटेड के लिये श्रीराम ऑफसेट, 14, शॉपिंग सेंटर, ज़ोरावरसिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय: 4312, मोहल्ला नायकान, नाहरवाड़ा, जगन्नाथ शाह का रास्ता, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। पीआरबी एक्ट के अनुसार खबरों के चयन के लिए उत्तरदायित्व संपादक मुन्ना खान मोबाइल नंबर 9772552446, 8058969180 ई-मेल: rpnewsnetworkpvt.ltd@gmail.com